वर्ष-10, अंक-210
इन्दौर, शनिवार
26 अक्टूबर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डॉंटना भी आवश्यक है। -चाणक्य



इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## उल्लास से मनाया जाएगा प्रदेश का 69वाँ स्थापना दिवस : मुख्यमंत्री

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस गर्व और गौरव का अवसर है। प्रदेश के 69वें स्थापना दिवस और दीपावली पर सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही समाज के जरूरतमंद वर्ग के जीवन में खुशियां बिखरने के लिए समर्थ वर्ग को आगे आना चाहिए।

निर्माण श्रमिकों, अस्पतालों में दाखिल निर्धन वर्ग के रोगियों और अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को प्रत्येक नागरिक अपनी क्षमता के अनुसार फल, मिष्ठान और उनके बच्चों के लिए पटाखों का प्रबंध करें। शासकीय अधिकारी, व्यापारी वर्ग, उद्योगपति और निजी क्षेत्र के संस्थान भी प्रदेश के स्थापना दिवस और दीपावली पर सामाजिक प्रकल्प हाथ में लें। संयोग से इस वर्ष प्रदेश के स्थापना दिवस पर दीपावली पर्व का संयोग बना है। यह दोहरी प्रसन्नता का अवसर है, इस नाते सभी नागरिकों के लिए सम्मिलित उल्लास का वातावरण बनना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में प्रदेश के स्थापना दिवस एक नवम्बर से आयोजित होने वाले चार दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा कर रहे थे। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रदेश का 69वाँ स्थापना दिवस समारोह आनंद और उमंग के साथ मनाया जाएगा। भोपाल के लाल परेड पर 30 अक्टूबर को विशेष कार्यक्रम में भारतीय सेना की ओर से बैंड प्रदर्शन और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता के कार्य हाथ में लिए जाएंगे। स्थापना दिवस के अवसर पर शासकीय भवनों पर सायंकाल को प्रकाश सज्जा भी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गरीब बस्तियों में सेवा कार्यों का संचालन किया जाए।



विशेष रूप से निर्माण श्रमिकों का त्यौहार पर ध्यान रखते हुए उनके बच्चों के लिए मिष्ठान और पटाखों की व्यवयस्था की जाए। जिलों में कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधि ऐसे सेवा कार्यों का नेतृत्व करें। स्व-सहायता समूहों की बहनों द्वारा निर्मित उत्पाद विक्रय के लिए उपलब्ध करवाए जाएं। माटी शिल्प, काष्ठ शिल्प और अन्य कलाओं से जुड़े शिल्पकारों के उत्पाद सामाजिक संगठनों द्वारा भी खरीदकर वितरित किए जाएं। दीपावली के अवसर पर जिला स्तर पर भी सेवा प्रकल्प संचालित किए जाएं।

### स्थापना दिवस कार्यक्रमों की रूपरेखा

बैठक में जानकारी दी गई कि लाल परेड ग्राउंड में मध्यप्रदेश गान, सेना के बैंड प्रदर्शन और एयर-शो के लिए तैयारियां की जा रही हैं। विकास प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। यह प्रदर्शनी 30 एवं 31 अक्टूबर को लगी रहेगी। दीपावली के त्यौहार को देखते हुए नागरिक सुविधानुसार दोनों दिन प्रदर्शनी देख सकेंगे। प्रदेश के स्थापना दिवस पर संस्कृति विभाग की ओर से एक नवम्बर को अमृत मध्यप्रदेश के अंतर्गत समवेत नृत्य-नाटिका प्रस्तुत होगी। यह प्रस्तुति प्रदेश की सांस्कृतिक और क्षेत्रीय विशिष्टताओं पर आधारित होगी। नाटिका में अनेक पावन स्थलों के महत्व को भी प्रदर्शित किया जाएगा। शिखर सम्मान से अलंकृत श्री चंद्रमाधव बारिक ने इस नृत्य नाटिका का निर्देशन किया है। प्रस्तुति में 108 कलाकार हिस्सा लेंगे। लोकमाता अहिल्या देवी को समर्पित महेश्वर घाट की थीम पर कार्यक्रम का आकल्पन किया जा रहा है। सुगम संगीत के अंतर्गत गायक और संगीतकार श्री अंकित तिवारी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई पर निर्मित प्रोजेक्ट खूब लड़ी मर्दानी के लिए संगीत देने वाले श्री तिवारी ने अनेक हिंदी फिल्मों में भी संगीत दिया है। रवीन्द्र भवन में सांस्कृतिक संध्या के साथ ही एक नवम्बर को जन अभियान परिषद द्वारा प्रभात फेरियों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दीपावली के दूसरे दिन भारत की प्राचीन परम्परा के अनुसार गोवर्धन पूजा होती है।

**नागदा-जावरा टू-लेन सडक पर भीषण दुर्घटना,**

## कार-टैंकर की टक्कर, इंदौर के चार लोगों की मौत, तीन घायल

**नागदा जं. निप्र।** नागदा की समीपस्थ उज्जैन-जावरा स्टेट हाईवे-17 पर शुक्रवार की अल सुबह एक कार और टैंकर की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। सभी मृतक इंदौर के रहने वाले थे। वे अजमेर से जियारत कर लौट रहे थे। हादसा जावरा-नागदा रोड पर बेड़ावन्या गांव के पास शुक्रवार सुबह करीब 5.30 बजे हुआ।

टक्कर इतनी भीषण थी कि इनोवा कार के परखच्चे उड़ गए। ड्राइविंग सीट पर फंसे शव को निकालने के लिए कार काटनी पड़ी। कार सवार समीर खान, अब्दुल, इमरान, नूर और आशिक मंसूरी की मौके पर ही मौत हो गई। जुबैर, समीर और ओबामा घायल हैं। कार में सवार ऐजाज को चोट नहीं लगी है। बताया जा रहा है कि कार में सवार लोग इंदौर से 23 अक्टूबर को अजमेर के लिए निकले थे। शुक्रवार सुबह वापस घर लौटते समय एक पेट्रोल टैंकर और एक ट्रक के




ओवरटेक के दौरान टैंकर क्रमांक आरजे 27 जीसी 2399 ने कार क्रमांक एमपी 09 बीसी 7559 को टक्कर मारी जिससे गाड़ी टैंकर से टकरा गई।

### इनोवा के उड़े परखच्चे

सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे में घायल हुए 3 लोगों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनको प्राथमिक उपचार देने के बाद इंदौर रेफर किया गया है। वहीं, हादसे में मरने वाले 4 लोगों के शवों को कार से निकालने में पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। हादसा इतना भयानक था कि इनोवा कार के परखच्चे उड़ गए और कार सवार कुछ लोगों के शरीर के अंग भी अलग हो गए। हादसे के दौरान कार में एजाज ही ऐसा था जो बिल्कुल सही-सलामत बच गया, उसे खरोंच तक नहीं आई। उसने ही पुलिस को फोन कर हादसे की सूचना दी थी।

### इंदौर से अजमेर आए थे आठ लोग

पुलिस ने बताया कि इंदौर के रहने वाले आठ लोग इनोवा कार से अजमेर गए थे। जहां, से वापस लौटते समय उनकी कार एक टैंकर से टकरा गई। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। एक युवक ऐजाज पूरी तरह सुरक्षित है। खाचरौद थाना पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में पहुंचाए। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## आज 27 विमानों को बम की धमकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में डोमेस्टिक और इंटरनेशनल पैसेंजर्स फ्लाइट में बम की धमकी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को 27 फ्लाइट्स में बम की धमकी मिली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इंडिगो, विस्तारा और स्पाइसजेट की करीब 7-7 उड़ानों, जबकि एयर इंडिया की 6 उड़ानों को धमकी मिली। इंडिगो की 7 में 6 फ्लाइट जिनको बम की धमकी मिली, उनमें 6E 2099 (उदयपुर से दिल्ली), 6E 11 (दिल्ली से इस्तांबुल), 6E 58 (जेद्दा से मुंबई), 6E 17 (मुंबई से इस्तांबुल), 6E 108 (हैदराबाद से चंडीगढ़) और 6श्व 133 (पुणे से जोधपुर) शामिल हैं। उदयपुर से दिल्ली की फ्लाइट 6श्व 2099 को टेक ऑफ से 10 मिनट पहले




धमकी मिली, इसके बाद प्लेन में सवार पैसेंजर्स को उतारा गया। फ्लाइट के अंदर और पैसेंजर्स के बैग की जांच की गई। बम की सूचना झूठी निकलने पर साढ़े 3 घंटे बाद फ्लाइट को रवाना किया गया। 12 दिनों में 280 से ज्यादा इंडियन फ्लाइट्स में बम की धमकी मिल चुकी है। ज्यादा धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गई हैं। केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्द्गह्लड्ड और ङ्ग से फर्जी बम धमकी मैसेज का डेटा शेयर करने को कहा है। 23 अक्टूबर को ही इन धमकियों को लेकर ढ्ढञ्ज मिनिस्ट्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग, मेटा और एयरलाइन कंपनियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की थी। सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों से पूछा था कि, इन खतरनाक अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए आपने क्या किया है।

## लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल पर 10 लाख का इनाम घोषित

**मुंबई (एजेंसी)।**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। अनमोल पर बाबा सिद्दीकी की हत्या और सलमान खान के घर पर फायरिंग के मामले में शामिल होने का आरोप है। पुलिस को शक है कि अनमोल ने ही शूटर्स को बाबा सिद्दीकी और उनके बेटे जीन सिद्दीकी की तस्वीरें भेजी थीं। अनमोल बिश्नोई लॉरेंस बिश्नोई का भाई है और उस पर NIA के दो मामलों में आरोप हैं। ये दोनों मामले 2022 में दर्ज किए गए थे। मुंबई पुलिस को शक है ।




### अनमोल को ट्रैक कर रही एनआईए

NIA अनमोल को ट्रैक करने की अपनी कोशिशें तेज कर रही है। अधिकारी लोगों से अनुरोध कर रहे हैं कि अगर उनके पास कोई भी जानकारी है जो अनमोल को पकड़ने में मदद कर सकती है, तो वे आगे आएं। यह घोषणा संगठित अपराध से निपटने और सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए एजेंसी की प्रतिबद्धता को बताती है। इस साल अप्रैल में सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की घटना के बाद मुंबई पुलिस ने अनमोल बिश्नोई के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था।

## बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान NCP-अजित गुट में शामिल



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है. कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी अपने पिता की राह पर चलते हुए शुक्रवार को एनसीपी अजीत पवार गुट का दामन थाम लिया. एनसीपी अजित पवार गुट में शामिल होते ही पार्टी ने उनको टिकट देने का ऐलान कर दिया. इस बार भी वह अपने पुराने विधानसभा क्षेत्र बांद्रा पूर्व से चुनाव लड़ेंगे. जीशान सिद्दीकी अभी तक कांग्रेस के विधायक रहे हैं. कांग्रेस ने पार्टी से उन्हें निकाल दिया था. एनसीपी अजित पवार गुट ने महाराष्ट्र सरकार में पूर्व मंत्री रहे नवाब मलिक की बेटी सना मलिक को भी पार्टी की ओर से,ङ्क फॉर्म दिया. बांद्रा पूर्व से विधायक जीशान सिद्दी के साथ एनसीपी अजित पवार गुट में चार और नेता शामिल हुए हैं.

## मेक्सिको में गिरोह संघर्ष में 16 की मौत

**मेक्सिको सिटी, (एजेंसी)।** मेक्सिको के दक्षिणी राज्य गुएरेरो में गुरुवार को एक गिरोह के बीच हुई झड़प में सोलह लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पर साझा किए गए निवासियों के पोस्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह 4-00 बजे हथियारबंद लोगों का एक समूह कई वाहनों के साथ टेकपैन डी गैलियाना नगर पालिका में घुस गया और शहर पर नियंत्रण करने और टकराव शुरू करने का प्रयास किया। मेक्सिको के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बाद में स्थानीय पुलिस हमले में फंस गई और दो अधिकारी मारे गए और चार अन्य घायल हो गए।

## इमरान की पत्नी बुशरा 9 महीने बाद जेल से रिहा



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी जेल से रिहा हो गई हैं. तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तारी के बाद करीब नौ महीने हिरासत में रखने के बाद गुरुवार को बेल मिली. उनकी रिहाई का फैसला इस्लामाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब ने सुनाया. बेल के बदले उन्हें 10 लाख रुपये के जमानती बांड भरना होगा. पूर्व पीएम खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने व्हाट्सएप मैसेज से जानकारी दी. पार्टी ने रिहाई की पुष्टि करते हुए कहा, 'पूर्व प्रथम महिला बुशरा बीबी को जेल से रिहा कर दिया गया है.' मैसेज में बताया गया कि उनकी पहली गिरफ्तारी 31 जनवरी को हुई थी।

## 58 साल के शख्स की हैं 120 पत्नियां, सभी को रखता है खुश

**बैंगकाक, (एजेंसी)।**

थाईलैंड में एक ऐसा व्यक्ति का है, जिसने 120 शादियां की हैं और दावा किया है कि उसकी सभी पत्नियों को कोई आपत्ति भी नहीं है। यह मामला तब सामने आया जब थाईलैंड के नकोन नायोक प्रांत के रहने वाले तंबन प्रैजर्ट ने अपनी 120वीं शादी रचाई।

### पेशे से है बिल्डर, जहां नया निर्माण वहीं की लड़की से करता है शादी

इस शख्स की पूरी कहानी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, और लोग इस पढ़कर हैरान हैं कि आखिर यह कैसे संभव हुआ। तंबन प्रैजर्ट पेशे से बिल्डर है और उसने यह सभी शादियां अपने काम के सिलसिले में की थीं। तंबन जहां भी नया निर्माण का काम शुरू करते थे, वहां की एक स्थानीय लड़की से शादी कर लेते थे।

खास बात यह है कि उसकी हर शादी पूरे रीति-रिवाज और परंपराओं के साथ होती थी और वह हमेशा पहले लड़की के माता-पिता से इजाजत लेता थे। ये सारी शादियां अवैध थीं क्योंकि थाईलैंड में एक से ज्यादा शादी करना कानूनन अपराध है। यह मामला उस वक्त सामने आया जब तंबन ने अपने से 27 साल छोटी फोन नामक लड़की से 120वीं शादी रचाई। इसके बाद तंबन की यह कहानी मीडिया में छा गई और उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी 120 शादियों की सच्चाई बताई। तंबन ने कहा कि हां, मेरी 120 पत्नियां हैं और 28 बेटे और बेटियां हैं। मैंने अपनी पहली शादी 17 साल की उम्र में की थी और तब से लेकर अब तक मैं जहां



भी नया काम शुरु करता हूं वहां की एक लड़की से शादी कर लेता हूं। तंबन का कहना है कि उसे अपनी पत्नियों से कोई परेशानी नहीं होती और उसकी पत्नियों को भी इन शादियों से कोई आपत्ति नहीं है। उसने कहा कि मैं अपनी सभी पत्नियों से प्यार करता हूं और उनकी पूरी देखभाल करता हूं।

मैंने पत्नियों के लिए घर भी बनवाए हैं। वे सभी खुश हैं और मुझे किसी ने भी कभी किसी शिकायत का सामना नहीं करना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तंबन की 22 पत्नियां उसी जिले में रहती हैं जहां वह रहता है, जबकि बाकी अन्य हिस्सों में रहती हैं। तंबन ने यह भी दावा किया कि उसे युवतियां ज्यादा पसंद हैं क्योंकि उम्रदराज महिलाएं अक्सर बहस करती हैं। इस बयान ने भी लोगों को हैरान कर दिया है। तंबन की इस अनोखी कहानी ने कई सवाल खड़े किए हैं। थाईलैंड में बहुविवाह गैरकानूनी है, फिर भी तंबन ने यह सभी शादियां कीं। इसके बावजूद उसके खिलाफ किसी कानूनी कार्रवाई की जानकारी नहीं है। यह मामला साल 2017 का है, लेकिन यह एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

# संपादकीय

## चीन से समझौता अहम, लेकिन भरोसे की ज्यादा अपेक्षा



गलवान संघर्ष के बाद भारत-चीन दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी, वह बर्फ अब पिघलती-सी प्रतीत हो रही है। दोनों देश रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच लम्बे समय से चले आ रहे तनाव के बादल अब छंट सकते हैं। सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। लेकिन इस फैसले का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक समीकरणों पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा, इससे दुनिया की महाशक्तियों के निरंकुशता को नियंत्रित किया जा सकेगा, ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। इन आशा एवं सकारात्मक दृष्टिकोणों के बावजूद एक बड़ा प्रश्न चीन के पलटूराम नजरिये को लेकर निराश भी करता है। भारत को गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की पूरानी आदत है। उसने अनेक बार भारत के भरोसे को तोड़ा है। पूर्व के अनुभवों से ऐसी आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र न हो जाये, इसके लिये भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है।भारत-चीन दोस्ती महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि उपयोगी भी है। यह दोनों देशों के हित में होने के साथ दुनिया में शांति, स्थिरता, सौहार्द एवं आर्थिक विकास की भी जरूरत है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दोस्ती की तरफ कदम बढ़ाते हुए हाथ मिलाये हैं और सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये टेबल पर बैठे हैं। गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देश निकट आये है, परस्पर वार्ता का गतिरोध दूर हुआ है, दुनिया को कुछ सकारात्मक एवं आशाभरा दिखाने की संभावनाएं बढ़ी है। इस गतिरोध के चलते दोनों देशों के बीच लगातार तनाव एव संघर्ष का माहौल बना रहा है, व्यापारिक गतिविधियां रूक-सी गयी थी, एक बेहद जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में दोनों देशों की सेनाओं को चौबीस घंटे तैयार रहने की स्थिति में खड़ा कर दिया था। लेकिन अब ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के निकट आने के घटनाक्रम से एक बड़ा संदेश भी दुनिया में जाएगा कि दोनों देश बातचीत के जरिये अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं। द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों के संबंध सामान्य होने की संभावना बढ़ अवश्य गई है, लेकिन इसमें समय लगेगा, क्योंकि बीते चार वर्षों में चीन ने अपनी हरकतों से भारत का भरोसा खोने का काम किया है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति के बीच करीब पांच वर्षों के बाद विस्तार से वार्ता इसीलिए हो सकी, क्योंकि चीन देपसांग एवं डेमचोक से अपनी सेनाएं पीछे हटाने और सीमा पर निगरानी की पहली वाली स्थिति बहाल करने पर सहमत हुआ। यह एक अच्छा एवं शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा पर शांति की अपेक्षा करते हुए चीन से कहा है कि आपसी विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देने के साथ एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान किया जाना चाहिए। यह कहना आवश्यक एवं प्रासंगिक था, क्योंकि चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता रहा था। इसका प्रमाण यह है कि वह कभी कश्मीर तो कभी अरुणाचल प्रदेश को लेकर मनगढ़ंत दावे करता रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। चीन पाकिस्तान के उन आतंकियों का संयुक्त राष्ट्र में बचाव करता रहा है, जो भारत के लिए खतरा हैं। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। इसके बावजूद भारत के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने बहुत संयम बरता, भड़काने वाली परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य से काम लिया और बातचीत के जरिये ही मामले का हल निकाला। लेकिन, चिंता कम नहीं हुई है। पिछले साढ़े चार बरसों के दौरान चीनी सेना ने बेहद दुर्गम पर्वतीय इलाकों में पक्के निर्माण कर लिए हैं। आशंका है कि चीन अपने इन सैन्य ढांचागत निर्माण को ध्वस्त कर इलाका पूरी तरह छोड़ देने के लिए तैयार होगा भी या नहीं? ऐसी स्थिति में पूर्वी लद्दाख के सीमांत इलाकों में सैन्य तनाव और परस्पर अविश्वास की स्थिति बनी रहेगी। भारतीय सामरिक पर्यवेक्षकों के बीच चीन के इरादों को लेकर शक बना रहेगा, क्योंकि हमारे इस पड़ोसी का भरोसा तोड़ने का पुराना इतिहास रहा है। लेकिन देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार चीन को भारत से दोस्ती का महत्व समझ आ गया है तो यह दोनों देशों के साथ समूची दुनिया के हित में है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति की मुलाकात के बाद दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि भी शीघ्र टेबल पर बैठकर भरोसे एवं विश्वास बहाली के उपायों पर चर्चा करेंगे, लेकिन भारत को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि चीन कहीं दो कदम आगे बढ़कर चार कदम पीछे न हट जाये।

कहानी

## बेबाक प्रश्न

आज एक सम्मान सभा का आयोजन किया गया था जिसमें कई शहर की सुंदरियों को आमंत्रण दिया गया था । उद्घोषिका ने उनका स्वागत करते हुए कहा मैं आप सभी सुंदरियों का अभिवादन करते हुए आपको मंच पर आमंत्रित करती हूं । सभी इठलाती - बलखाती स्टेज की तरफ चल दीं उन सबकी चाल में एक विश्वास और चेहरे पर खूबसूरती दमक रही थी । उद्घोषिका ने स्टेज पर खड़ी उन सारी सुंदरियों की तरफ देखते हुए कहा मैं आप सभी से एक प्रश्न पूछती हूं कि आप भगवान की दी गई इस खूबसूरती पर क्या कहना चाहेंगी ? एक सुंदरी ने आगे बढ़कर माइक थामा और सबका अभिवादन करते हुए कहा मैं ऊपर वाले की शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे ये खूबसूरती दी जिसके लिए मैं खुद को गर्वान्वित महसूस करती हूं , ऊपर वाला हमें जो भी देता है उसके लिए हमें उसका एहसानमंद होना चाहिए । सभा में एक स्त्री बोलने के लिए हाथ ऊंचा कर रही थी उद्घोषिका ने उसकी तरफ देखते हुए कहा क्या आप कुछ कहना चाह रही हैं ? स्त्री की गर्दन हां में हिली । मंच पर सभी उसको ध्यान से देख रहीं थीं उसके चेहरे पर कुछ ज़्यादा मेकअप और हाव-भाव किन्नरों वाला था...उसने बोलना शुरू किया । नमस्कार ! अभी आपने बोला कि ऊपर वाला हमें जो भी देता है उसका हमें एहसानमंद होना चाहिए हम किन्नर भी उसी ऊपरवाले की देन हैं हम खुद से किन्नर नहीं बने । सबको बस शुभ कार्यों में हमारा आशीर्वाद चाहिए उसके बाद हम तिरस्कृत हो जाते हैं यहां तक की हमारा नाम लेने में भी आपको शर्म आती है और हमारे नाम को गाली के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है । हम किन्नर भी तो उसका एहसान मानकर उसका ही दिया हुआ काम करतें हैं तो हम क्यों नहीं गौरवान्वित महसूस करें ? हमें क्यों नही सराहा और सम्मानित किया जाता ? अगर आप मानते हैं कि हम सब ऊपरवाले की देन हैं तो फिर हमारे साथ ये भेदभाव क्यों ?

**ममता सिंह देवा ,**
**वाराणसी**

# श्रम से रोशन हुई दीवाली

कहानी



''माँ, तुम बिल्कुल भी परेशान मत हो। मैं शहर जाकर इस दीवाली पर मिट्टी के खिलौने और दिए बेंचकर ढेर सारे पैसे लाऊँगा। यहाँ गांव में मेरी मेहनत के अच्छे पैसे नहीं मिल पाते हैं।'' रामू ने किराए पर लिए चार पहिए वाले हाथ के ठेले पर मिट्टी के खिलौने , दिए आदि रखते हुए कहा। ''जरा सम्भलकर जाना बेटा ! तुम पहली बार शहर जा रहे हो। वहाँ बहुत ज्यादा गाड़ियां और कारें आदि चलती है। सड़क के किनारे किनारे ही चलना बेटा !'' माँ ने कहा। रामू बहुत गरीब लड़का था। इस संसार में केवल उसकी बूढ़ी माँ के अलावा कोई नहीं था। बचपन में ही उसके पिता कैंसर की बीमारी के कारण स्वर्ग सिधार गए थे। तब से माँ ही मिट्टी के बर्तन, घड़े,सुराही,दिए, कुल्हड़ आदि बनाकर और उन्हें बेंचकर अपना और रामू का पेट पाल रही थीं। जब रामू थोड़ा बड़ा हुआ तो उसने भी मिट्टी के काम का यह हुनर अपनी माँ से सीखकर उनके काम में हाथ बँटाना शुरू कर दिया था। रामू बहुत मेहनती था। उसे पढ़ने का भी बहुत शौक था। जब वह बच्चों को स्कूल की ड्रेस पहनकर पीठ पर स्कूल का किताबों से भरा बैग लटकाए, जाते हुए देखता था तो उसकी भी इच्छा होती थी कि वह भी इन बच्चों के साथ स्कूल जाए लेकिन गरीबी ने उसकी यह इच्छा पूरी नहीं होने दी। परन्तु जहाँ चाह, वहाँ राह होती है। रामू ने अपनी इस इच्छा पूर्ति का विकल्प ढूँढ लिया था। उसके गांव में सुधा चाची आंगनवाड़ी में कार्य करतीं थीं। वह अपने घर पर बच्चों को बुलाकर उन्हें पढ़ातीं थीं। एक दिन रामू ने सुधा चाची से सकुचाते हुए अपने मन की बात कही कि वह भी इन बच्चों के साथ पढ़ना चाहता है। यह सुनकर सुधा चाची बहुत खुश हुई थीं। उन्होंने कहा कि वह रोज शाम को अपना काम खत्म करके उनके घर पर पढ़ने आ जाया करे। उसकी पढ़ाई के लिए कापी, किताबें, पेन्सिल आदि सारा सामान सुधा चाची ने अपने पास से ही दिया था दीवाली का त्योहार आने ही वाला था। हर बार की तरह इस बार भी रामू ने दशहरे से पहले ही दीपावली के लिए लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां, खिलौने और मिट्टी के दिए बनाने शुरू कर दिए थे। इस बार खूब बरसात हुई। जगह जगह पानी भरा होने के कारण मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो गयी थी। इसी कारण मलेरिया,डेंगू बुखार का प्रकोप भी बढ़ गया था।पाँच दिन बाद ही दीवाली थी। गांव में ज्यादा आमदनी न होने के कारण इस बार रामू ने शहर जाकर खिलौने तथा दिए आदि बेंचने का फैसला किया था। लेकिन चूंकि वह इससे पहले कभी शहर नहीं गया था, इसलिए माँ को डर लग रहा था। शहर पहुँचकर रामू वहाँ की चकाचौंध देखकर आश्चर्यचकित रह गया। आसमान छूते बड़े बड़े मकान,सड़क पर तेजी से सरपट दौड़ती कारें... ! उसे ऐसा लग रहा था मानो वह किसी जादू की नगरी में आ गया हो। थोड़ी दूर चलने के बाद उसने देखा कि एक बड़े से मैदान में खूब भीड़ है। जब वह उसके पास पहुँचा तो उसने देखा कि वहाँ पर पटाखों की बहुत सारी दुकानें लगीं हैं। इसीलिए वहां पर बहुत भीड़ थी। उसने भी मैदान के एक कोने में अपना ठेला खड़ा किया। अभी वह वहाँ पर खड़ा ही हो पाया था कि लोगों की नजर उसके द्वारा बनाई गयीं सुन्दर लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों पर पड़ी। कुछ ही देर में भीड़ ने उसके ठेले को चारो ओर से घेर लिया। शहर के लोगों को उसके द्वारा बनाए हुए खिलौने बहुत पसन्द आ रहे थे। और रामू को उसकी मुँह मांगी कीमत मिल रही थी। शाम होते होते उसके सारे खिलौने, गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां तथा दिए आदि बिक गए। आज वह बहुत खुश था। क्योंकि आज उसकी सबसे जयादा बिक्री हुई थी।

उसके कदम तेजी से अपने गांव की ओर चल पड़े। ''आज माँ बहुत खुश होंगी इतने सारे पैसे देखकर!'' मन ही मन इसी तरह की अनगिनत बातें सोचकर वह फूलकर कुप्पा हुआ जा रहा था। घर के दरवाजे पर पहुँचते ही उसने अपना ठेला एक किनारे पर खड़ा किया और पैसों का डिब्बा लेकर तेजी से घर के अन्दर घुसते ही चिल्लाया,-''माँ...माँ.... देखो, आज तो खूब सारे पैसे मिले। सारा माल बिक गया माँ... !'' अभी वह अपनी बात पूरी भी नहीं कर पाया था कि माँ पर नजर पड़ते ही ठिठक गया। उसकी माँ चारपाई पर आँखें मूँदे बेसुध सी पड़ीं थीं। ''माँ....तुम्हें क्या हुआ माँ...?''चारपाई के पास पहुँचकर उसने पूछा। रामू की आवाज सुनकर माँ ने धीरे से आँखें खोलीं और उसकी ओर देखकर कहा,-''कुछ नहीं बेटा,हल्का सा बुखार आ गया है। रसोई में खाना रखा है, हाथ मुँह धोकर खा लेना।' रामू ने अपना हाथ माँ के माथे पर रखा। माँ का माथा आग की तरह तप रहा था। यह देखकर वह मन ही मन बुदबुदाया,- ''बापरे...माँ को तो बहुत तेज बुखार है।'' पैसों का डिब्बा अभी भी उसके हाथ में था। उसने आव देखा न ताव,तुरन्त भागकर पास के गांव में डाक्टर पिंकी के अस्पताल से माँ की दवा लेने जा पहुँचा। पहले तो डाक्टर पिंकी ने उससे कहा कि माँ को यहाँ लाना पड़ेगा। लेकिन जब रामू ने बताया कि माँ को बहुत तेज बुखार होने के कारण वह यहाँ तक नहीं आ सकती, तो उन्होंने उसे एक दिन की दवा दे दी। पूरे दो सौ रूपये की दवा मिली थी। आज की कमाई का लगभग आधा हिस्सा दवाई में चला गया था। रास्ते भर की खुशी पल भर में खत्म हो गयी थी। घर पहुँचकर उसने माँ को दवा पिलाई और फिर सुबह की रखी दो रोटियां खाकर मूर्तियां रंगने लगा। माँ को दवा से आराम मिला था। वह सो गयीं थीं। कुछ देर बाद वह भी सो गया। सुबह उठकर उसने माँ के माथे पर हाथ रखकर देखा। माँ को अभी भी बुखार था। आज वह शहर भी नहीं जा सकता था। क्योंकि माँ को चाय, पानी और दवा भी देनीं थी। धीरे धीरे दो दिन बीत गए। माँ का बुखार ठीक ही नहीं हो रहा था। कभी कम हो जाता तो कभी बहुत तेज हो जाता था। रामू के पास पैसे भी खत्म हो गए थे। ''आज वह दवा कैसे लाएगा, क्योंकि उसके पास केवल बीस रूपये ही बचे थे।'' यह सोचकर उसकी आँखों में आँसू आ गए। लेकिन दवा तो लानी ही थी। इसलिए वह बोझिल कदमों से डाक्टर पिंकी के अस्पताल की ओर चल पड़ा। डाक्टर पिंकी के पास वह हाथ जोड़कर खड़ा हो गया। उसे देखकर डाक्टर पिंकी ने बड़े प्यार से उससे पूछा,-''अब माँ की तबीयत कैसी है बेटे?'' ''पहले से ठीक है लेकिन कभी कभी बुखार हो जाता है। कमजोरी बहुत है। उठकर चलने में चक्कर आने लगता है।'' रामू ने धीरे से कहा। उसकी बात सुनकर डाक्टर पिंकी ने कहा,-''दो दिन यही दवा खिलाओ। बिल्कुल ठीक हो जाएंगी।'' यह कहकर उन्होंने पर्चा उसकी ओर बढ़ा दिया। ''डाक्टर जी...लेकिन...!''इतना कहकर रामू चुप हो गया। ''लेकिन क्या ?'' डाक्टर पिंकी ने उसकी ओर देखकर पूछा। रामू की आँखों से बेबसी के आंसुओं की धाराएं बह रहीं थीं। ''क्या बात है बेटे ?तुम क्यों रो रहे हो ? साफ साफ कहो।'' डाक्टर पिंकी ने उसके सिर पर हाथ फेरते हुए कहा। डाक्टर पिंकी की प्यार भरी बातें सुनकर रामू से नहीं रहा गया। वह फफककर रो पड़ा। रोते रोते उसने कहा,-''मेरे पास केवल बीस रूपये ही हैं डाक्टर जी....लेकिन दवा तो बहुत मंहगी है। माँ की तबीयत खराब हो जाने के कारण मैं खिलौने और मिट्टी के दिए बेंचने भी नहीं जा पाया। अब शायद माँ की दवा नहीं कर पाऊँगा मैं !...मुझे माँ ने बड़ी मेहनत से दिन रात काम करके मुझे इतना बड़ा किया...लेकिन मैं चाहकर भी माँ के लिए कुछ नहीं कर पा रहा हूँ... !'' कहते कहते उसकी सिसकियां और बढ़ गयीं। सारी बात सुनकर डाक्टर पिंकी बोलीं,-''बेटे, तुम बहुत सहनशील और मेहनती हो। जो मेहनत करता है,भगवान उसका साथ देता है। मुझे तुम पर गर्व है। तुम अपनी माँ को यहाँ ले आओ। वह मेरे अस्पताल में रहेंगी। तुम शहर जाकर अपनी मूर्तियां और खिलौने बेंचना!'' कुछ पल रुककर उन्होंने फिर कहा,-''परसों दीवाली है न! इस बार दीवाली की रात को मेरे पूरे अस्पताल में तुम अपनी मेहनत से बनाए मिट्टी के दीपों को स्वयं ही सजाना। उन सारे दीपों के पैसे मैं तुम्हें दूँगी। दीवाली के बाद तुम इसी अस्पताल में काम करना। मुझे तुम जैसे मेहनती लोगों की ही तलाश है।'' डाक्टर पिंकी की बातें सुनकर रामू को लगा, जैसे किसी ने उसके सिर से भारी बोझ हटा दिया हो। आज डाक्टर पिंकी उसे भगवान से कम नजर नहीं आ रहीं थी। उसने नीचे झुककर उनके पांव छुए और माँ को लाने घर की ओर दौड़ पड़ा। हर साल दीवाली की रात बिजली की झालरों से जगमगाने वाला डाक्टर पिंकी का अस्पताल इस बार रामू के मेहनत के दीपों की रोशनी में नहा रहा था और रामू की दीवाली भी उसके श्रम से रोशन हो रही थी

**- डॉ.देशबन्धु 'शाहजहाँपुरी'**
**शाहजहाँपुर(उ0प्र0)24200**
**1 मोबाइल 094150356 ,**
**099366046**

# कांच की तरह नाजुक रिश्ते



कहानी

रिश्ते कांच की तरह नाजुक होते हैं। उन्हें बड़े जतन से संभालना पड़ता है। वैसा ही रिश्ता बेटी और बहू का होता है। छोटी-छोटी गलतियां जीवन को कठिन बना देती हैं। बहू और बेटी के रिश्ते में मूल रूप से ये बात हैं। कि बहू पर अंकुश और बेटी को स्वच्छंदता।

परिवार में स्नेह प्यार और व्यवहार में सतर्कता, मधुरता और जागरूकता हो तो रिश्ते बिखरते नहीं है। बल्कि अटूट बंधनों में बंधें रहते हैं। सोच समझ कर उठाया गया कदम कभी भी रिश्तों में खटास नहीं लायेगा। ताली दोनों हाथों से बजती है। परिवार वाले बहू को बेटी समझे और बहू परिवार को अपना समझे। बहुत बार मेरा परिवार तुम्हारा परिवार की वजह से पति पत्नी के जीवन में भी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। मायके वालों का अनावश्यक दख़ल भी परिवारों में दरारें उत्पन्न करता है।

माता पिता और सास ससुर की समझदारी से रिश्ते मधुर बन जाते हैं। बहू परिवार की धूरी होती हैं। बेटी से बहू बनने के बाद उसकी जिम्मेदारीयां बदल जाती है। यही बात यदि माता पिता अपनी बेटी को समझायें तो जीवन सरल हो जाता है। आज के समय में मोबाइल फोन विडियो कालिंग इत्यादि सुविधाओं के कारण मिनट मिनिट की खबरें यहां से वहां पहुंच जाती है। इसी वजह से एक एक बात पर आपस में चर्चा और सलाहें दी जाती है । कभी परिवार वाले कभी मित्रों के द्वारा अनावश्यक सलाहें दी जाती है। पुराने समय में मन मुटाव होने पर बात वहीं संभल जाती थी। बेटियां, बहूएं भी स्वविवेक से परिवार के साथ हूई समस्याओं को सुलझा लेती थी। और आपस मैं प्रेम बना रहता था। समयानुसार बेटियां ससुराल के वातावरण में घुल मिल जाती है। रिश्तों में परिपक्वता आने लगती है। बहू बनकर मां बनकर बेटियों को भी अपना रिश्ता मजबूती निभाना चाहिए। परिवार की जिम्मेदारी भी एक सुखद अनुभूति है। बचपना और अपरिपक्वता धीरे धीरे अपने आप चला जाता हैं। और बेटी एक बहू के रूप में नया जन्म लेती है।

सच ही कहते हैं कि नारी तेरे रुप अनेक।।

**माधुरी निगम मधुबन इंदौर**
**मध्यप्रदेश लेखिका।**

## खंडहर



गौरा - रमा देखा यह मकान कितना जर्जर हो गया क्या इसका कोई मालिक नहीं है , आपस में बात करते हुए दोनों वहाँ से गुजर रही थी तभी रमा भावुक होते हुए कहती है मैंने इसी मकान को चमकदार देखा है कभी खुशियाँ बरसती थी इसमें, भाई - भाई आपस में रहते थे मिलजुलकर कोई कलह या ऊँची आवाज़ आते नहीं सुनी इस घर से - लेकिन माँ-पिता रूपी छप्पर जब से उड़ा इस घर का चहुँओर की दीवारें आपस में ही अलग होकर अपना अपना वजूद की तलाश में लग गयीं , कौन छप्पर बनकर धूप बरसात एवं सर्दी को सहे और सभी दीवारों को जोड़ कर रखे ! गौरा घर पहुँचते ही अपनी दीवारों से बात करने लगी ।

**एल एन कोष्टी**
**गुना म प्र**

# भ्रष्ट नेता पुष्ट वर्धक च्यवनप्राश



व्यंग्य

**वक्रासन**

आइए, आज मैं आपको एक ऐसी रेसिपी बताने जा रहा हूँ, जो एक सीक्रेट फॉर्मूला है, बिल्कुल कोला कंपनी के सीक्रेट फॉर्मूला की तरह। मजाल है कि पेपर लीक की तरह यह लीक हो जाए। इसका नाम है भ्रष्ट नेता पुष्ट वर्धक च्यवनप्राश। यह एक ऐसा च्यवनप्राश है जिसे आप किसी भी उम्र के पड़ाव में इस्तेमाल कर सकते हैं, जब आपको नेता बनने का कीड़ा कुलबुलाने लगे। लेकिन अगर आप देखते हैं कि आपके पूत के पांव पालने में ही नेताओं की दुम की तरह हिलते हैं, बच्चे के चेहरे पर भ्रष्ट नेता की तरह कुटिल मुस्कान है, और बच्चा हर सेकंड में मगरमच्छी आँसू बहाता है, तो समझ जाइए कि यह बच्चा आपके सात पीढ़ियों का नाम डुबोने के लिए भ्रष्ट नेता बनने के लिए अवतरित हुआ है। यदि आप बचपन से ही ऐसे बच्चे को यह च्यवनप्राश चटाएंगे, तो निश्चित ही वह बड़ा होकर महा भ्रष्टाचारी नेता बनेगा! नेतागिरी के पायदान पर आगे बढ़ने के लिए एक आम नेता तो हर कोई बन सकता है, लेकिन अगर आपको शिखर तक पहुँचना है, तो भ्रष्ट नेता बनना पड़ेगा। यह एक अग्नि परीक्षा है, जिसे हर कोई पार नहीं कर सकता। 99 प्रतिशत नेता तो चुनावी कार्यक्रमों में दरी बिछाने और रैलियों में नारे लगाने तक ही सीमित रह गए, क्योंकि उन्होंने भ्रष्ट नेता बनने के गुणों को संपूर्णता में नहीं सीखा। बस कुछ गुण ग्रहण कर, अपने अधकचरे ज्ञान को पेलने में लगे रहे। इस गुप्त नुस्खे की हर उस नेता को जरूरत है, जो अखबारों और झक्कू न्यूज़ में अपने आकाओं के हवाले, घोटालों, कांडों के अखंड गुणगान से अपने आपको तुच्छ और अदना सा प्राणी समझने लगा है। अभी तक जिसका उपयोग उसके आकाओं ने झूठी गवाही देने, आका के काले धन को अपने घर के अंदर सुरक्षित रखने का ही किया है, कभी खुद अपने बलबूते पर कोई बड़ा कांड नहीं किया है। अखबार में अपना नाम अंतिम पंक्ति में ही कभी-कभार देखा है, रैलियों में खुद को पार्टी के कार्यकर्ताओं की भीड़ में ही देखा है! इस रेसिपी को बनाने का तरीका बहुत ही सरल है। अगर खाने वाला और बनाने वाला निर्लज्ज, बेईमान और ढीठ जैसे प्रारंभिक गुणों से लबरेज हो, तो रेसिपी जल्दी असर दिखाना शुरू करेगी! रेसिपी को बनाने के लिए पहले आपको कुछ सामग्री एकत्रित करनी होगी। आपको चाहिए- 1. एक फर्जी बी पि एल कार्ड से उठाया हुआ केरोसिन का कनस्तर या गैस सिलेंडर। 2. इसे चूल्हे में पकाने के लिए उन कंडों का इस्तेमाल करें, जो उस अवशिष्ट से बने हैं, जो पहले नेताओं ने चारा घोटाले में पशुओं का चारा खाकर स्वच्छता अभियान को धता बताते हुए खुले में छोड़ दिए थे । इस रेसिपी की फाउंडेशन जितनी मजबूत होगी, रेसिपी उतनी ही असरदार होगी। थोड़ी सी चापलूसी से आप इसे पा सकते हैं। चूल्हे में कंडों को जलाने के लिए खाली पीली फेंकने वाले फूंकनी से फूंक मारें। अफवाहों की गर्म हवा मारेंगे, तो कंडे जल्दी प्रज्वलित हो जाएंगे। आग लगाने के बाद, सबसे पहले अपने हाथ सेंकें, क्योंकि एक अच्छे भ्रष्टाचारी होने के नाते आपको यह आदत डालनी ही होगी। इस प्रकार से आप कहीं भी आग लगी हो, स्वप्रेरणा से वहां हाथ सेंकने पहुँच जाएंगे, चाहे किसी गरीब के मकान में आग लगी हो या किसी की चिता की। आपको हर जगह समान भाव और स्वार्थभाव से अपनी रोटी सेंकने का हुनर आ जाएगा! जब हाथ गर्म हो जाएं, तो हाथ में खुजली शुरू हो जाएगी, जो आपको आगे बड़े-बड़े स्वांग और प्रकांड कांड करने के लिए उत्प्रेरित करेगी। अब मिश्रण तैयार करना है। सबसे पहले किसी कुख्यात भ्रष्ट नेता के भाषण या रैली के दौरान फेंके गए टमाटर-अंडे एकत्रित करके उसमें डालें। इस मिश्रण में थोड़ी सी दूसरों की छाती पर दली हुई मूँग डालें और नेताजी के वो आलू, जिनसे सोना बनेगा, भी डालें। अब इस मिश्रण में चुल्लू भर पानी डालें। यह चुल्लू भर पानी आपके पास हमेशा रहना चाहिए। यह आपको समय-समय पर जनता से मिलता रहेगा। अंत में, इसमें कुछ मगरमच्छ के आँसू डालिए, जो नेता लोग चुनावी रैली में बहाते रहते हैं। ये सारी सामग्री एक गहरी और चिकनी हांडी में मिलानी होगी, जिस पर निंदा, आरोप-प्रत्यारोप के बौछारों का कोई असर न हो। जब यह मिश्रण पकने लगे, तो उसे उस चमचे से हिलाएं, जो चमचागिरी में इस्तेमाल होता है। धीरे-धीरे इसे हिलाते रहिए। जब मिश्रण पूरी तरह पक जाए, तो इसे सूंघते रहिए। इससे आपकी नाक स्टील जैसी मजबूत हो जाएगी, जो किसी भी कटाक्ष या आलोचना से प्रभावित नहीं होगी। अब जब मिश्रण तैयार हो गया है, तो देर किस बात की? इसे धीरे-धीरे चाटिए और भ्रष्ट नेता का रक्षा कवच - चाटन संस्कार - अपनाइए। आपकी जीभ इतनी लंबी और निर्लज्ज हो जाएगी कि आप किसी से भी काम निकलवाने के लिए उसके जूते चाट सकेंगे। इस मिश्रण को अगर गैंडे जैसी खाल वाले कपड़े से ढककर रखेंगे, तो एक और गुण में वृद्धि होगी। आप किसी भी स्थिति में अपने भ्रष्ट कामों से विचलित नहीं होंगे। तो देर किस बात की? आज ही इस रेसिपी को आजमाएं और देखिए, कैसे आप हृष्ट-पुष्ट भ्रष्ट शिरोमणि नेता बन जाएंगे!

**डॉ. मुकेश असीमित**
**मेल आईडी- drmukeshaseemit@gmail.com**

# घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अफरा-तफरी करने पर गैस एजेंसी संचालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

## तिल्लौर खुर्द स्थित तिल्लौर इंडेन गैस एजेंसी पर खाद्य विभाग ने की कार्रवाई



**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने एवं गोदाम में विस्फोटक अधिनियम से तय लिमिट से अधिक गैस सिलेण्डरों का भण्डारण करने पर खाद्य विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल के आदेश पर जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. मारू इंदौर के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्राम तिल्लौर खुर्द स्थित तिल्लौर इंडेन गैस एजेंसी की जांच प्रोपरायटर राकेश पाटीदार (भंडारी) एवं पंचों के समक्ष गई। जांच के समय स्टॉक में 311 नग भरे एवं 365 नग खाली गैस सिलेंडरों का भारी अंतर पाया गया। एजेंसी पर जारी विस्फोट लाइसेंस की भंडारण क्षमता 6000 किलोग्राम है, किन्तु जांच दिनांक को एजेंसी के गोदाम में रखे भरे गैस सिलेंडरों का भौतिक सत्यापन करने पर 9822 किलोग्राम गैस वजन भंडारित होना पाया गया, जो वास्तविक भंडारण क्षमता से 3822 किलोग्राम (63.7त्न) अधिक भंडारित होना पाया गया। प्रोपरायटर द्वारा पाये गये स्टॉक अंतर का समाधानकारक जवाब नहीं देने पर तत्काल प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पाये गये अधिक गैस सिलेंडर्स को जप्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही की गई। इस संबंध में सेल्स ऑफिसर आईओसीएल कंपनी की भी गंभीर लापरवाही विस्फोटक मानकों के उल्लंघन के फलस्वरूप पाई गई है। उक्त कार्यवाही में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारीगण श्री सवेसिंह गामड, श्री अंकुर गुप्ता, श्री राहुल शर्मा सम्मिलित थे।

# अनुपूरक बजट लाने की तैयारी में जुटे विभाग

## फंड मर्ज करने वाले प्रपोजल होंगे मंजूर

इंदौर। प्रदेश में दिसम्बर में होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र में लाए जाने वाले अनुपूरक बजट प्रस्ताव के लिए वित्त विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए वित्त विभाग ने सभी विभागों से प्रस्ताव मांगे हैं और यह भी तय कर दिया है कि किस आधार पर अनुपूरक बजट के लिए प्रस्ताव लाए जा सकेंगे।

जिन विभागों की ओर से अनुपूरक बजट के प्रस्ताव दिए जाएंगे, उन्हें यह बताना होगा कि 31 अक्टूबर तक उनके विभाग द्वारा बजट में किए गए प्रावधान के आधार पर कितनी राशि खर्च की जा चुकी है। सभी विभागों से 10 नवम्बर तक अनुपूरक बजट प्रस्ताव देने के लिए कहा गया है।

वित्त विभाग ने साफ किया है कि अनुपूरक बजट में नए वित्तीय मद के प्रस्ताव शामिल नहीं किए जा सकेंगे, जिनमें राज्य सरकार के वित्तीय संसाधनों से अतिरिक्त डिमांड की जा रही हो। फाइनेंस ने यह भी क्लियर कर दिया है कि वाहनों की खरीदी के लिए अनुपूरक बजट में कोई प्रस्ताव नहीं दिए जा सकेंगे। विभाग ने यह भी कहा है कि जिन वित्तीय मदों को प्रतीक प्रावधान के रूप में खोलना है और राशि का इंतजाम अन्य मद से होने वाली बचत से किया जाना है, वे प्रस्ताव आ सकते हैं लेकिन बचत मद की जानकारी देना होगी। इसी तरह अगर किसी योजना में खर्च के लिए राशि मांगी जा रही है और बजट की राशि पहले से मंजूर रकम में समायोजित होना है तो उसके संबंध में विभागों को अलग से ब्योरा देना होगा।

### सप्लीमेंट्री बजट के प्रस्ताव शर्तों पर होंगे मान्य

जिस वित्तीय मद के लिए राज्य की आकस्मिकता निधि से एडवांस राशि जारी की गई है। जिसके लिए वित्त विभाग द्वारा सहमति दी गई है। जिनके लिए भारत सरकार या अन्य एजेंसी ने वित्तीय सहायता या केंद्रांश दिया है। जो वर्तमान वित्तीय मद से अलग न की जा सकती हो तथा अतिरिक्त संसाधन की व्यवस्था विभाग की अन्य योजनाओं में उपलब्ध राशि में कटौती कर नहीं की जा सकने की स्थिति हो।

विशेष पूंजीगत सहायता योजना के अंतर्गत जिन विभागों द्वारा भारत सरकार को प्रस्ताव भेजे गए हैं या भेजे जाने हैं, उन विभागों को अलग से बजट लाइन खोलने की आवश्यकता के मद्देनजर स्वीकृति की जरूरत हो। विशेष पूंजीगत सहायता योजना में भारत सरकार से स्वीकृति के बाद यह अतिरिक्त बजट की जरूरत हो या अन्य योजनाओं से बचत की पूर्ति किया जाना संभव न हो। सभी विभागों को निर्धारित फॉर्मेट में अपना प्रस्ताव ऑनलाइन भेजने के लिए कहा गया है। वित्त विभाग के संचालक द्वारा भेजे गए पत्र में सभी विभागों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि जिन विभागों को जिस मद में अतिरिक्त केंद्रीय सहायता प्राप्त होना है, उसकी जानकारी अलग से भेजी जाए। विभागों को यह भी बताने के लिए कहा गया है कि राज्य को ऋण और अनुदान के रूप के कितनी राशि प्राप्त होगी। इसके अलावा यदि कोई व्यय जिसके लिए केंद्र से राशि मांगी जा रही है और उसका यदि स्वीकृत बजट में एडजस्टमेंट होना हो, उसका भी पूरा विवरण भेजा जाए। वित्त विभाग ने साफ कर दिया है कि विभागों को बताना होगा कि 31 अक्टूबर तक किस विभाग को कितनी राशि आवंटित की गई थी।

इसमें से कितनी राशि विभाग द्वारा खर्च की जा चुकी है। पिछले वर्ष का बजट अनुमान कितना था और अनुपूरक बजट कितना रहा। विभाग ने बाहर से कितना लोन लिया है। जो प्रस्ताव दिए जा रहे हैं, वह वित्तीय समिति से अनुमोदित है या नहीं है। अनुपूरक बजट में ऐसे प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा, जिसमें राज्य सरकार से अतिरिक्त बजट की डिमांड की गई हो। यानी विभागों को किसी भी मद में अतिरिक्त बजट नहीं दिया जाएगा।

### 4 नवंबर से शुरू होंगी बैठकें

वित्त विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए विभाग-वार उप सचिव स्तर की बैठकें 4 नवंबर से शुरू होंगी। वित्त विभाग ने विभाग वार बैठकों के संबंध में टाइम लाइन जारी कर दी है। बैठकों का दौर 29 नवंबर तक चलेगा।

सबसे पहले 4 नवंबर को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और नवीनप एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की बैठक होगी। 5 नवंबर को उच्च शिक्षा एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की बैठक होगी। ऐसे ही 6 नवंबर को नर्मदा घाटी विकास, आयुष, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार और खनिज साधन विभाग की बैठकें होंगी।

7 नवंबर को जल संसाधन, लोक सेवा प्रबंधन, खेल एवं युवा कल्याण, भोपाल गैस त्रासदी विभाग, 8 नवंबर को लोक निर्माण, वाणिज्यिक कर, प्रवासी भारतीय, घुमंतु, स्कूल शिक्षा विभाग, 11 नवंबर को ऊर्जा, पर्यावरण, खाद्य नागरिक आपूर्ति, पिछड़ा वर्ग विभाग, 12 नवंबर को लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, पर्यटन, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, 13 नवंबर को परिवहन, विमानन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, 14 नवंबर को योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, उद्यानिकी, अजा कल्याण विभाग, 18 नवंबर को वन, जनजातीय, गृह विभाग, 19 नवंबर को संस्कृति, विधि एवं विधायी कार्य विभाग, 20 नवंबर को एमएसएमई, वित्त, श्रम विभाग, 21 नवंबर को संसदीय कार्य, नगरीय विकास एवं आवास, वित्त विभाग, 22 नवंबर को जीएडी, महिला एवं बाल विकास विभाग, 25 नवंबर को राजस्व, जेल विभाग, 26 नवंबर को पशुपालन, आनंद विभाग, 27 नवंबर को सहकारिता, जनसंपर्क विभाग, 28 नवंबर को कुटीर एवं ग्रामोद्योग, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग और 29 नवंबर को कृषि विभाग की बैठक होगी।

# किसानों ने विकास प्राधिकरण कार्यालय का प्रदर्शन कर घेराव किया

इंदौर। अहिल्या पंथ योजना संघर्ष समिति के हंसराज मंडलोई एवं वीरेंद्र सिंह चावड़ा ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि पूर्व घोषणा के अनुसार अहिल्या पंथ योजना के प्रभावित किसान एवं रहवासियों ने जिनके मकान टूट रहे हैं भरी दोपहरी में घंटों जंजीर वाले चौराहे पर स्थित आइडिया मुख्यालय पर प्रदर्शन किया एवं अपनी मांगों की समर्थन में जोरदार नारेबाजी की जिसमें बड़ी मात्रा में मातृशक्ति भी शामिल हुई



हंसराज मंडलोई में आगे बताया है कि इस मौके पर वरिष्ठ किसान नेता एवं प्रभावित किसान 95 वर्षीय हेमसिह सिसोदिया ने अपने प्रभावी उद्बोधन में कहा की हिंदुस्तान में मुगलों का राज रहा अंग्रेजों का राज रहा परंतु उन्होंने भी कोडीयो के दाम पर किसानों की जमीन मुफ्त में लेने का काम नहीं किया परंतु प्रदेश सरकार विकास प्राधिकरण की आड़ में किसने की करोड़ों रुपए मूल्य की जमीन छीन रही है।

धरना प्रदर्शन को वरिष्ठ किसान नेता दिलीप सिंह पवार राजेंद्र सिंह सरपंच रामेश्वर मंत्री संतोष सुनेर अनिल परमार एवं रेवती की गीताबाई एवं सुनीता बाई नेवी संबोधित किया एवं कहा कि हम किसी भी स्थिति में हमारी जमीन और मकान बचाने के लिए पूरी ताकत से इस मौके पर शैलेंद्र पटेल बबलू जाधव नरेंद्र पटेल वीरेंद्र सिसोदिया सहीत सेकंडों प्रभावित किसान एवं रहवासियों के के साथ जिनके मकान टूट रहे हैं वह महिलाएं भी उपस्थित थी।

## रतलाम-भीलवाड़ा एक्सप्रेस एवं रतलाम चित्तौड़गढ़ स्पेशल का परिचालन मेमू रेक से



इंदौर। पश्चिम रेलवे का रतलाम पर रतलाम से भीलवाड़ा एवं रतलाम से चित्तौकड़गढ़ के मध्यर चलने वाली गाड़ी संख्याड 19345/19346 रतलाम भीलवाड़ा रतलाम एक्सिप्रेस एवं गाड़ी संख्याड 09499/09500 रतलाम चित्तौलड़गढ़ रतलाम स्पेंशिल के डेमू के स्थायन पर मेमू रेक से चलाने का निर्णय रेल प्रशासन द्वारा लिया गया है।

गाड़ी संख्याय 19345 रतलाम भीलवाड़ा एक्स प्रेस 28 अक्टौबर से, गाड़ी संख्यात 19346 भीलवाड़ा रतलाम एक्स?प्रेस 29 अक्टू8बर से मेमू रेक से चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या् 09499/09500 रतलाम चित्तौलड़गढ़ रतलाम स्पेशल 29 अक्टूरबर से मेमू रेक से चलेगी।

28 अक्टूबर से रतलाम भीलवाड़ा एक्स प्रेस, 29 अक्टौबर से 09381 दाहोद रतलाम स्पेशल, 09383 रतलाम उज्जैन स्पेसशल एवं 29 अक्टूबर से जम्मु।तवी एक्स प्रेस के रतलाम स्टे?शन पर आगमन/प्रस्थाजन समय में परिवर्तन किया जा रहा है

# पीथमपुर में आकार ले रहा प्रदेश का पहला एआई डाटा सेंटर

इंदौर। औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर में मप्र का पहला एआई डाटा सेंटर शुरू होने जा रहा है। मेसर्स रेकबैंक डाटा सेंटर्स प्राइवेट लिमिटेड 4.8 एकड़ जमीन पर 500 करोड़ रुपये के निवेश से डाटा सेंटर, एसएसडी सर्वर, क्लाउड रैक्स आदि शुरू करेगा। वर्ष 2026 में शुरू होने वाली इस यूनिट से 150 लोगों को रोजगार मिलेगा।

**- 2026 में बनकर तैयार हो जाएगी यह यूनिट, 150 लोगों को रोजगार मिलेगा।**

यह एआई डाटा सेंटर परंपरागत डाटा सेंटर से अलग तकनीक से तैयार किया जा रहा है। इसमें एयर कूलिंग की जगह लिक्विड कूलेंट यानी शीतलक का उपयोग किया जाएगा।

पीथमपुर में उच्च क्षमता की बिजली और इंटरनेट के लिए फाइबर केबल की उपलब्धता है, इसलिए यहां एआई डाटा सेंटर आसानी से शुरू किया जा सकता है।

इसके अलावा चेन्नई, बेंगलुरू और मुंबई की तुलना में यहां जमीन भी अपेक्षाकृत सस्ती मिल रही है। फिलहाल मप्र में एक निजी और एक सरकारी डाटा सेंटर ही है। इस लिहाज से आने वाले समय में मध्य प्रदेश एआई डाटा सेंटर का हब बन सकता है। यह सेंटर भारत, जापान, यूरोप और अमेरिका में काम कर रही कंपनियों को सेवा देगा। वर्तमान में जो डाटा सेंटर काम कर रहे है।

उनमें वेबसाइट होस्टिंग, स्टोरेज आदि होता है। जनरल कंप्यूटिंग होती है। जबकि एआई डाटा सेंटर में जीपीयू (ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट) होती है, जिससे सुपर कंप्यूटर होस्टिंग की जाती है। इसमें 10 गुना अधिक ऊर्जा (बिजली) खर्च होती है।

### जमीन मिलने के बाद काम शुरू

रेकबैंक डाटा सेंटर्स के संस्थापक नरेंद्र सेन ने बताया कि जमीन मिलने के बाद ही काम भी शुरू कर दिया गया है। आगामी दो वर्ष में प्रोजेक्ट पूरा कर लिया जाएगा।

हमारे डाटा सेंटर में सर्वर कूलेंट के अंदर रखा जाएगा। ऐसा इसलिए भी करना आवश्यक है क्योंकि इसमें उच्च क्षमता की बिजली का उपयोग होता है। डाटा सेंटर को दुनिया में कहीं से भी आपरेट किया जा सकेगा। प्रस्तावित एआई डाटा सेंटर 80 मेगावाट का होगा। पहले फेस में 20 मेगावाट का बनाया जाएगा। इसके बाद मांग बढ़ने पर अलग-अलग चरण में क्षमता बढ़ाते जाएंगे। नरेंद्र सेन के अनुसार यह इंडस्ट्री पिछले दो-तीन वर्ष से ही विकसित हो रही है, इसलिए आने वाले समय में इंदौर एआइ डाटा सेंटर का हब बन सकता है।

## शासकीय शिक्षक जगदीश सोलंकी को मिला राज्य स्तरीय शिक्षक



इंदौर। सेवा, समर्पण और कर्तव्य परायणता की मिसाल इंदौर के शासकीय शिक्षक को श्री जगदीश सोलंकी को आज राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त हुआ। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें यह पुरस्कार भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में प्रदान किया।

इस पुरस्कार के रूप में उन्हें 25 हजार रुपये की सम्मान राशि, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र प्राप्त हुआ। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह भी मौजूद थे। श्री सोलंकी को यह पुरस्कार मिलना इंदौर के लिए गौरव की बात है। राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए पूरे प्रदेश से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की श्रेणी में चयनित कुल 6 शिक्षकों में से वे इंदौर से एकमात्र शिक्षक थे। श्री जगदीश सोलंकी उच्च माध्यमिक शिक्षक होकर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गुरुकुलम महू में पदस्थ हैं। उनकी सेवा काल से निरंतर परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। उनके पढ़ाये लगभग सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

## समूह से जुड़कर मिली कोमल सिसोदिया को आत्मनिर्भरता की डगर



इंदौर। कभी केवल घर के कामकाज में लगी रहने वाली और परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति के बीच जीवन यापन करने वाली श्रीमती कोमल सिसोदिया के जीवन में आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद बड़ा बदलाव आया है।

वे स्वयं अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाते हुए, बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने और स्वयं आत्मनिर्भर होकर परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त करते हुए उन्नति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रही है।

जीवन में आये इस बड़े बदलाव की बात इंदौर जिले के ग्राम सिन्दोडा नावदा पंथ निवासी श्रीमती कोमल सिसोदिया की है, जिन्होंने मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से कदम बढ़ा दिये है और वे परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त करने में सहयोगी बन रही है। समूह से जुड़ने के पूर्व उनका सारा समय घर के कामकाज में निकल जाता था। आज श्रीमती कोमल दीदी एक्टिवा पर सवार होकर करीब 6 से 7 ग्रामों में समूह से जुड़ी महिलाओं को बैंक से ऋण प्राप्त करने के कार्य में मदद करने के साथ-साथ समूह सशक्तिकरण के प्रयासों को मजबूती प्रदान कर रही है।

## बगैर दस्तावेज संचालित दो वाहन जब्त, ओवर लोडिंग करने वाली 10 बसों पर भी कार्यवाही



इंदौर। आरटीओ इंदौर द्वारा स्कूली वाहनों, लोक परिवहन वाहनों की विशेष चेकिंग की जा रही है, जिसमें वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेजों की चेकिंग की जा रही है। यात्रियों से चालक परिचालक के व्यवहार के बारे में फीडबैक भी लिया जा रहा है।

इसी दौरान एक बस जो की पांढुर्णा से पीथमपुर बिना परमिट और बिना फिटनेस के संचालित हो रही थी, जिसको जब्त किया गया। वाहन संचालक से एक लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही यात्रियों से अधिक किराया लेने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने और ओवर लोडिंग करने वाली 10 बसों पर भी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान एक स्कूल वैन को भी दस्तावेज नहीं होने पर जब्त किया गया।

## पसंदीदा पुस्तक पर चर्चा का आयोजन मला आवडलेल पुस्तक आज

इन्दौर। एमजी रोड स्थित तांबे सभागृह में महाराष्ट्र साहित्य सभा इंदौर के तत्वावधान में साहित्यिक कार्यक्रम मला आवडलेल पुस्तक का आयोजन आज 26 अक्टूबर को शाम 6.15 बजे से किया जाएगा। इसमें साहित्यकार मेघना निरखीवाले, डा. निशिकांत कोचकर, आशा गोगटे और प्रफुल्ल कस्तूरे वक्ता होंगे। सभा अध्यक्ष अश्विन खरे व प्रचार प्रमुख मृगेंद्र गदेवाडीकर के अनुसार कार्यक्रम में वक्ता उनकी पसंदीदा पुस्तक पर चर्चा कर अनुभव साझा करेंगे।

## मंदसौर में पटाखा बाजार में 257 व्यापारियों को मिले लाइसेंस



**मंदसौर ।** मन्दसौर शहर के कॉलेज ग्राउंड में सजने वाले पटाखा मार्केट में दुकानें बनकर तैयार हो गई हैं। इस बार प्रशासन ने पटाखा व्यपारियों को नए लाइसेंस जारी नहीं किए। वहीं, 257 व्यपारियों ने पटाखा विक्रय लाइसेंस नवीनीकरण करवाया है। शुक्रवार को कॉलेज ग्राउंड में तैयार की गई 257 दुकानों का लॉटरी सिस्टम से आवंटन किया गया । दुकानों के आवंटन के बाद कल शनिवार से पटाखा बाजार सजने शुरू हो जाएंगे। पटाखा बाजार में नगर पालिका ने सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाएं की है । पटाखा बाजार में प्रत्येक दुकान के बाहर पानी और रेत की व्यवस्था की गई है। वही नगर पालिका की दमकल भी 24 घंटे तैनात रहेगी। वही ग्राउंड में पार्किंग स्थल भी बनाया गया है।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्यवाही, सीतामऊ में चार संस्थानों से लिए सेम्पल



**मंदसौर।** जिला कलेक्टर के निदेशानुर्सार आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए, खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 25 अक्टूबर शुक्रवार को मंदसौर जिले के सीतामऊ में कार्यवाही के दौरान चार संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि 25 अक्टूबर शुक्रवार को मंदसौर जिले के सीतामऊ में कार्यवाही के दौरान मेहता मावा भंडार से मावा, रमेश मावा वाले से मावा, आनंद होटल से मावे की बर्फी और भैरव नमकीन से मावा मिठाई के नमुने लिये गये हैं। सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र भोपाल भेजे गये है जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान सभी संस्थानो को अपने यहां साफ सफाई रखने एवं पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।



## अतिक्रमण को हटाने में लगा हुआ है नगर पालिका अमला

**भानपुरा (मन्दसौर) ।** नगर भानपुरा के चंबल तिराहे से लेकर नीमथूर गेट तक आई आई चलित एवं पक्के निर्माण की बाढ़ के चलते नगर भानपुरा में चलना एवं परिवहन करना अत्यंत मुश्किल हो गया था। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं वर्तमान में प्रशासनिक अधिकारी व तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा, नगर परिषद भानपुरा अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया के दिशा निर्देश में नगर परिषद द्वारा लिए गए बहुमत से निर्णय के अनुसार नगर पालिका दरोगा मुकेश बागडय़िा सहयोगी अन्तिम कलोसिया के मार्गदर्शन में नगर की मुख्य सडक़ों से अपनी दुकानों के आगे 5 से लेकर 20 व 30 फीट तक किए गए अतिक्रमण को नगर परिषद स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत व्यावसायिक क्षेत्र में दुकानों के आगे के अतिक्रमण को दरोगा मुकेश बागडय़िा एवं सहयोगी संस्था यूनिक बेस्ट मैनेजमेंट के सागर राठौर सफाई आरक्षक रामनिवास बेगाना, हर्ष पंवार, विक्रम बागडय़िा, निषाद धारकर, अविनाश राठौर, कृष्णा मकवाना आदि द्वारा विगत दिनों से न्यायालय परिसर के गेट के पास से लेकर नवीन बस स्टैंड वह विजय स्तंभ से लेकर अब पुराने बस स्टैंड की तरफ अतिक्रमण हटाए जाने की मुहिम जारी है।

## कृषि मंडियों में 9 दिनों का अवकाश

**मंदसौर ।** त्योहारी छुट्टियों से पहले कृषि उपज मंडियों में बम्पर आवक हो रही है। मन्दसौर कृषि उपज मंडी में अगले 9 दिनों तक अवकाश रहेगा। अब दीपावली के बाद ही कृषि मंडिया खुलेंगी। जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर को चौथा शनिवार व 27 को रविवार का अवकाश रहेगा। इसके बाद धन तेरस, रूप चौदस,दीपावली, भाई दूज का 3 नवंबर तक अवकाश रहेगा। 26 अक्टूबर से 3 नवंबर तक लगातार 9 दिनों के अवकाश के बाद 4 नवंबर सोमवार को कृषि मंडिया खुलेगी। शुक्रवार को मन्दसौर कृषि मंडी में करीब 42 हजार बोरी अनाज की आवक हुई। किसान मंडियों में मूंगफली, लहसुन, सोयाबीन, प्याज, चना, मैथी जैसी उपज लेकर पहुंचे।.

## शिक्षक समाज व देश को दिशा देता है- यशपाल सिंह सिसोदिया

**मन्दसौर।** अध्यापक शिक्षक हितकारी समिति मन्दसौर के शिक्षा में गुणवत्ता, शाला में नामांकन वृद्धि तथा वार्षिक साधारण सभा की बैठक में पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपालसिंह सिसोदिया ने कहा कि समाज में सर्वप्रथम शिक्षक अपने आचरण से अपने कार्यों से उदाहरण प्रस्तुत करता है, समाज व देश उसी का अनुसरण करता है, शिक्षक द्वारा किए गए कार्यों से छात्र छात्राओं के माता-पिता और उनसे समाजजन प्रेरणा प्राप्त करते हैं । अध्यापक शिक्षक हितकारी समिति की वार्षिक साधारण सभा की बैठक में सर्वप्रथम उपस्थित मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री

# जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन सभाकक्ष में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, यूआईडीएआई प्रतिनिधि तथा जिला प्रबंधक ई गर्वनेंस के साथ ही शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बैंक, स्वास्थ्य, पोस्ट ऑफिस सहित विभिन्न सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने निर्देश दिये कि जिले में उपलब्ध सभी आधार केन्द्रों को समयबद्ध तरीके से क्रियाशील किया जाये। बच्चों के नए आधार नामांकन के




लिए महिला एवं बाल विकास विभाग और इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की मोबाइल आधार किट से गांवों में शिविर लगायें। 5-7 और 15-17 वर्ष की आयु के बच्चों के आधार में लंबित अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करा लें और आधार में अपने दस्तावे अपडेट करा लें, यदि पिछले 10 वर्षों में एक भी बार अपडेट नहीं किया गया है। यूआईडीएआई प्रबंधक ने बताया कि निवासी यूआईडीएआई वेबसाइट पर अपने निकटतम आधार सेवा केंद्र का पता लगा सकते हैं और साथ ही यह भी कहा कि 18+ नए आधार नामांकन की सुविधा सभी डाकघरों और लोक सेवा केंद्रों में उपलब्ध है।बैठक में यूआईडीएआई प्रबंधक तथा जिला प्रबंधक ई गर्वनेंस ने जिले में आधार से संबधित गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक के पश्चात यूआईडीएआई प्रबंधक द्वारा लि के आधार ऑपरेटरों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया एवं ऑपरेटर्स की आधार कार्य से सम्बंधित समस्याओं का निदान भी किया गया।



## एड्स के प्रति जागरूक किया गया

**भानपुरा (मन्दसौर) ।** मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियत्रंण समीति, भोपाल एवं राष्टीय सेवा योजना उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन रेड रिबन क्लब के अन्तर्गत निर्धारित गतिविधियों के अन्तर्गत शासकीय महाविद्याल भानपुरा में एड्स के प्रति जनमानस में जागरूकता प्रदान करने हेतु और विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति सजकता ओर आने वाले भविष्य में इस प्रकार की घातक बिमारीयों ओर सक्रमण से बचाव हेतु जागरूकता बढाने और शहरी एवं ग्रामीण जनमानस को इस घातक बिमारी से बचने हेतु हॉफ मैराथन दौड के माध्यम से जागरूकता प्रादन कि गई। जिसमे संजय चौरे आई.सी.टी.सी इन्चार्ज द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरूआत की गई। जिसमे पुरूष वर्ग में त्रिलोक प्रांजल प्रथम, श्याम सुन्दर द्वितीय एवं महिला वर्ग में प्रेरणा गौड प्रथम, मिनाक्षी चन्द्रावत द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ देवेन्द्र कुमार धामनिया द्वारा किया गया। आभार महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रीति शर्मा द्वारा दिया गया।

## सेवा गतिविधियां समाज में सहयोग की भावना को बड़ावा देती है- विधायक

**मन्दसौर।**

इनरव्हील क्लब मंदसौर के तत्वाधान से 25 अक्टूबर, शुक्रवार, शासकीय प्राथमिक स्कूल इटाईली मे विधायक श्री विपिन जैन द्वारा विधायक निधि से प्रदत्त फर्नीचर प्रदान किया गया वहीं स्कूल में बच्चों के खेलने हेतु झूले चकरी लगवाए गए।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक श्री जैन ने कहा कि सेवा गतिविधियाँ समाज में सहयोग की भावना को बड़ावा देती हैं। स्कूलों में सुविधाएं उपलब्ध कराने की इनरव्हील यह पहल आगे भी जारी रहे और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाए। इनरव्हील क्लब मंदसौर अपने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए जरूरतमंद तक पहुंच कर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। सुविधाओं को प्राप्त कर बच्चों के चेहरों की खुशी देखकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मैं क्लब के इस कार्य की प्रशंसा करता हूं। स्वागत उद्बोधन देते हुए क्लब अध्यक्ष शर्मिला बसेर ने किया । ग्राम सरपंच गंगेश परमार ने कहा कि इनरव्हील क्लब की इच्छाशक्ति को विधायक श्री जैन द्वारा पूर्ण कर विद्यालय में सुविधा प्रदान की है निश्चित ही इसका लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा।

## सुविधा घर तोडऩे से जनता को हो रही असुविधा नपा वैकल्पिक व्यवस्था करे - पार्षद बंसल

**मंदसौर।** क्षेत्रीय पार्षद सुनिल बंसल ने एक वक्तव्य में कहा कि जनकूपुरा में गणपति चौक के नजदीक लखारा चौक स्थित सुविधा घर को एस डी एम न्यायालय आदेश के बाद तोड़ा गया उसके बाद वहां पर रहने वाले रहवासियों,दुकानदारों राहगीरों को तकलीफ होने लगी है ।



उन्हें विवशता में आसपास इधर-उधर गलियों में खड़े होकर लघु शंका करना पड़ती है। उन्होंने कहा कि इस वजह से यहां आए दिन विवाद और झगड़े हो रहे हैं। रहवासियों और उपयोगकर्ताओं के बीच रोज विवाद की स्थिति बन जाती है। श्री बंसल ने मांग की है कि नगर पालिका परिषद को जिस जगह पर से स्थाई सुविधा घर को हटाया गया वहां पर अस्थाई रूप से एक सुविधा घर का खड़ा करना चाहिए ताकि इस प्रकार की समस्या से आमजनों को निजात मिल सके। जनकुपुरा एक सघन बस्ती है और पूरे क्षेत्र में कहीं पर सुविधा घर नहीं है। श्री बंसल ने नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर से निवेदन किया है कि शीघ्र जिस स्थान पर से वह सुविधा घर को तोड़ा गया मंदिर की दीवार से हटकर वहां पर एक सुविधा घर खड़ा किया जाए अथवा कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाए ताकि आम जनता को राहत मिले सके।

## संभाग बनने की क्षमता और अधिकार है मंदसौर को

### मंदसौर को संभाग बनाना हर दृष्टि से उपयुक्त है – श्री सिसोदिया

**मंदसौर।** मंदसौर नागरिक मंच के तत्वावधान में संभाग बनाओ आंदोलन के अंतर्गत चल रहे पोस्टकार्ड अभियान को शुक्रवार को 24 वें दिन दीपावली पर्व श्रृंखला को दृष्टिगत रख कर अल्प विराम दिया गया।

24 वें दिवस प्रदेश के पूर्व मंत्री और मंदसौर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नरेंद्र नाहटा पोस्टकार्ड अभियान में उपस्थित हुए और आपने यहां संबोधित करते हुए कहा कि 1998 में तत्कालीन जिला सरकार में प्रभारी मंत्री के रूप में मेरे द्वारा मंदसौर को संभाग बनाने का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया था। मंदसौर को संभाग बनाने की मांग कोई नई नहीं है मंदसौर में अनेक क्षमताएं हैं और मंदसौर के अनेक अधिकार भी हैं। उनमें से संभाग बनाना भी मंदसौर का एक अधिकार है । उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि जनता का यह आंदोलन व्यर्थ नहीं जाएगा भौगोलिक दृष्टि से सामरिक दृष्टिकोण से दूरी को देखते हुए मंदसौर को संभाग बनाया जाना हर दृष्टि से उचित और उपयुक्त रहेगा। पूर्व विधायक और प्रदेश भाजपा प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि मंदसौर को संभाग बनाने की जन भावना को अभिव्यक्ति देते हुए मंदसौर नागरिक मंच ने निरंतर समर्पित भाव से जो यह अभियान शुरू किया है वास्तव में इसमें जन-जन की भावना जुड़ी है और पूर्णतया यह जनता और नागरिकों का जन आंदोलन निश्चित रूप से मंदसौर को संभाग बनाने की मांग को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। आपने कहा कि मंदसौर नीमच जिलों के सभी विधायकों के साथ मंदसौर को संभाग बनाने का प्रस्ताव तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विधानसभा में हमने सौंपा था।

## अ.भा. राजेन्द्र जैन महिला परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी मंदसौर पर प्रवास पर आए

**मन्दसौर।** अ.भा. राजेन्द्र जैन महिला परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रेमा बहन मुथा एवं राष्ट्रीय महामंत्री संगीता पोरवाल मंदसौर प्रवास पर आये। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में महिला परिषद परामर्शदाता एवं राष्ट्रीय सहमंत्री सुनीता खाबिया, प्रांतीय शिक्षा मंत्री आभा दुग्गड, तरुण परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यश बाफना मंदसौर, श्री संघ के सचिव अशोक खाबिया, नवयुवक परिषद के अध्यक्ष अजय ड़ाफरिया और तरुण परिषद के अध्यक्ष अमन डोसी भी उपस्थित थे। राष्ट्रीय पदाधिकारीगण द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। परिषद के सदस्यों द्वारा नमस्कार महामंत्र एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। पदाधिकारियों के आगमन पर इनका बहुमान मंदसौर श्रीसंघ एवं परिषद परिवार की उपस्थिति में महिला परिषद के सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिला परिषद राष्ट्रीय सदस्य अलका सुराणा, परिषद की कोषाध्यक्ष सरोज चपरोत, सदस्य भारती पोरवाल, शकुंतला सोनगरा, सपना सालेचा एवं सर्वश्री विरेन्द्र कर्णावट, कमलेश सालेचा, विशाल हिंगड़, महेंद्र छिंगावत, शिल्पेश नाहटा एवं महावीर मारू आदि सदस्यगण उपस्थित थे। यह जानकारी महिला परिषद की सचिव टीना हिंगड़ ने द्वारा दी।

## शासकीय महाविद्यालय में युवा उत्सव आयोजित किया गया

**भानपुरा (मन्दसौर) ।** शासकीय महाविद्यालय भानपुरा में महाविद्यालय स्तर युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत एकल नृत्य, समुह नृत्य (लोक नृत्य), स्पाट पेंटिंग, पोस्टर निर्माण ओर रंगोली प्रतियोगिता का अयोजन किया गया।

एकल नृत्य में पुर्तिका प्रथम, समुह नृत्य में प्रगति रूद्रवाल (दल) स्पाट पेंटिंग मे मिनाक्षी चन्द्रावत प्रथम, शहनाज पठान द्वितीय, पोस्टर निर्माण दीपिका ररोतीया प्रथम रही। सभी प्रतिभागियों को संजय चौरे आई.सी.टी.सी इन्चार्ज द्वारा प्रमाण-



पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन युवा उत्सव प्रभारी डॉ उमेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा किया गया। आभार महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रीति शर्मा द्वारा दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ देवेन्द्र कुमार धामनिया, डॉ रूचि सक्सेना, डॉ सीमा सेन, प्रो.धर्मेन्द्र सिंह राजपुत, डॉ पंकज गायकवाड, डॉ पुष्पेन्द्र आर्य, राम गोपाल रूद्रवाल आदि एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर व मेला सभापति श्रीमती पमनानी ने मेला स्थल का निरीक्षण किया

**मंदसौर।** नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा दिनांक 11 से 30 नवम्बर तक 20 दिवसीय भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव का मेला आयोजित किया जाना है।

मेला की तैयारियों का जायजा लेने के लिये कल शुक्रवार को नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर व मेला सभापति श्रीमती भावना पमनानी ने नपा के सभापतिगणों व मेला समिति के सदस्यों के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया तथा मेला की व्यवस्थाओं के संबंध में मेला अधिकारी पी.एस. धारवे व मेला लिपिक राजेन्द्र नीमा को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर व मेला सभापति श्रीमती पमनानी ने संभावित सांस्कृतिक मंच स्थल, पार्किंग स्थल तथा मनिहारी दुकानों के स्थल का निरीक्षण किया तथा यहां मेला के आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मेला समिति सदस्यगण श्रीमती रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, ईश्वरसिंह चौहान एडवोकेट, दीपक गाजवा, श्रीमती माया नीलमचंद भावसार श्रीमती दिव्या अनूप माहेश्वरी, श्रीमती संगीता शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी, शा. महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश चंदवानी, नपा सभापतिगण रमेश ग्वाला, श्रीमती दीपमाला मकवाना, श्रीमती निर्मला चंदवानी, सत्यनारायण भांभी, नपा नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी, पार्षदगण श्रीमती बब्बन युसुफ गौरी, आशीष गौड़ एडवोकेट, विक्रम भैरवे, नंदलाल गुजरिया, राकेश भावसार, अनूप माहेश्वरी, शेलेन्द्र गोस्वामी, राजेश सोनी ऐरावाला, बब्बू पमनानी, मो. आरिफ अंसारी, बंशी राठौर, जगदीश बैरागी, नपा उपयंत्री एस.पी. सिंह, नपा के गैराज सहायक जाकिर भाई, संजय खमेसरा भी निरीक्षण में साथ थे। नपाध्यक्ष एवं मेला सभापति के द्वारा मेला को भव्य रूप से आयोजित करने के संबंध में मेला समिति सदस्यों व कर्मचारियों के साथ आवश्यक चर्चा की गई तथा मेला की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने पर विचार विमर्श भी किया गया।

## शाला स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

**शामगढ़ (मन्दसौर) ।** शा.हाई .स्कूल उमरिया बालोदा मे प्रदर्शनी विषय की थीम ( सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी ) के अंतर्गत विषय विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ किया गया । जिसमें उप विषय स्वास्थ्य, परिवहन एवं संचार ,प्राकृतिक खेती ,आपदा प्रबंधन, गणितीय मॉडलिंग कंप्यूटेशनल सोच , अपशिष्ट प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन जैसे सुझावात्मक विषय पर मॉडल, लघु नाटिका, पर्यावरण एकल गीत ,वर्किंग मॉडल आदि पर उपविषयों के अनुसार बनाए गए । प्रदर्शनी में कक्षा 9 वी 10 वी के सभी विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभागिता की । प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के रोचक विज्ञान मॉडल एवं प्रादर्श प्रस्तुत किये गए । मूल्यांकन टीम द्वारा विज्ञान, गणित, और सामाजिक विज्ञान विषयों में दो, दो माडल का विद्यालय स्तर पर चयन किया गया । विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुरेश जजावरा ने बच्चो को उज्वल भविष्य की शुभकामना दी । इस अवसर पर विद्यालय परिवार उपस्थिति रहा ।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सर्टिफिकेट कोर्सेज में प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम घोषित

**मंदसौर ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल एवं आईआईटी दिल्ली के सहयोग से संचालित होने वाले दो सर्टिफिकेट कोर्सेज ए.आई. एवं फिनटेक विद ए.आई. में प्रवेश हेतु परीक्षा का कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है । घोषित कार्यक्रम के अनुसार यह परीक्षा 5 नवंबर 2024 को प्रातः 10.30 बजे महाविद्यालय में संचालित की जाएगी । परीक्षा की अवधि 1 घंटे की होगी । सभी परीक्षार्थी निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व परीक्षा स्थल में उपस्थित होंगे । सभी परीक्षार्थियों को पहचान पत्र के रूप में महाविद्यालय द्वारा जारी आईडी कार्ड को अपने साथ लाना अनिवार्य है । परीक्षा के उत्तरों हेतु नीली इंक का बॉल पेन ही मान्य है । यह परीक्षा ऑफलाइन होगी । इस प्रवेश परीक्षा में जनरल नॉलेज, एप्टीट्यूड तथा कंप्यूटर पर आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे । महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष माननीय श्री नरेश जी चंदवानी ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे उक्त दोनों सर्टिफिकेट कोर्स की प्रवेश परीक्षा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर लाभान्वित हों ।

## दीपावली पूर्व निगम कर्मचारियों को होगा वेतन व एरियर राशि भुगतान

**रतलाम।** नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को दीपावली पूर्व वेतन व एरियर राशि का भुगतान किये जाने स्वीकृति पर कर्मचारी संगठनों ने महापौर प्रहलाद पटेल, निगम परिषद व निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट का आभार व्यक्त किया। नगर निगम के स्थायी तथा विनियमित कर्मचारियों को पूर्ण वेतन तथा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 25 दिवस का वेतन तथा एरियर राशि का भुगतान दीपावली पूर्व किया जायेगा साथ ही 3.55 करोड़ की राशि कर्मचारियों के ईपीएफ खातों में जमा की गई है। इस अवसर पर पार्षद शक्तिसिंह राठौर, परमानन्द योगी, नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकारी रामजी कल्याणे, संजय पेमाल विजय खरे, पटेल कमल शिंदे, अमर चौहान, यशवंत फथरोड, अन्नु चनाल, राकेश खाडेगीर, विजय भाटी, संजय डागर, मंगल खरे, जीवन गोसर, राजा गोहर, प्रदीप पवांर, अवतार चावरे, महेश सीहोते, नरेन्द्र खरे, शैलेन्द्र मेहना आदि उपस्थित थे।

## रतलाम-भीलवाड़ा एक्सप्रेस एवं रतलाम चित्तौड़गढ़ स्पेशल का परिचालन मेमू रेक से



**रतलाम।** पश्चिम रेलवे का रतलाम पर रतलाम से भीलवाड़ा एवं रतलाम से चित्तौड़गढ़ के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 19345/19346 रतलाम भीलवाड़ा रतलाम एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 09499/09500 रतलाम चित्तौड़गढ़ रतलाम स्पेशल के डेमू के स्थान पर मेमू रेक से चलाने का निर्णय रेल प्रशासन द्वारा लिया गया है।

गाड़ी संख्या 19345 रतलाम भीलवाड़ा एक्सप्रेस 28 अक्टूबर से, गाड़ी संख्या 19346 भीलवाड़ा रतलाम एक्सप्रेस 29 अक्टूबर से मेमू रेक से चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09499/09500 रतलाम चित्तौड़गढ़ रतलाम स्पेशल 29 अक्टूबर से मेमू रेक से चलेगी।

28 अक्टूबर से रतलाम भीलवाड़ा एक्सप्रेस, 29 अक्टूबर से 09381 दाहोद रतलाम स्पेशल, 09383 रतलाम उज्जैन स्पेशल एवं 29 अक्टूबर से जम्मुतवी एक्सप्रेस के रतलाम स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय में परिवंतन किया जा रहा है।

## राज्य विजेता कबड्डी टीम का स्वागत हुआ

**रतलाम।** 681 राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता रीवा में 19 से 23 अक्टूबर को संपन्न हुईद्य जनजाति कार्य विभाग की मिनी वर्ग की टीम राज्य की विजेता बनीद्य इस टीम में खेल परिसर बद्यजना के चार खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता हरियाणा के लिए चयनित हुए। जनजाति कार्य विभाग की टीम ने अपने ग्रुप में उज्जैन इंदौर भोपाल ग्वालियर रीवा जबलपुर को पराजित कर विजय श्री प्राप्त कीद्य इस टीम के खिलाड़ी रितेश, विशाल, महेश, सावन एवं राकेश ने श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन किया हैद्य यह टीम 24 अक्टूबर की शाम रतलाम स्टेशन पर पहुंची जहां टीम का और कोच महेंद्र सिंह देवड़ा का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के अवसर पर अजद्यक्स के जिला अध्यक्ष रामचंद्र भगोरा, कार्यकारी जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी, आकाश जिला अध्यक्ष ध्रुव लाल निनामा, संभागीय महासचिव रमेश कटारिया, तहसील अध्यक्ष राकेश बोरिया, रामचंद्र मेडा, बदर सिंह, जनजाति कार्य विभाग के जिला खेल अधिकारी अजय सिंह बेस, तारिक हुसैन, भावेश चौधरी, रितेश एवं अन्य साथी उपस्थित है।

## रतलाम की शिक्षिका श्रीमती सीमा अग्निहोत्री भोपाल में सम्मानित



**रतलाम।** राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में 25 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023 से सम्मानित रतलाम सीएम राइस शासकीय विनोबा हायर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षिका श्रीमती सीमा अग्निहोत्री भी सम्मानित की गई। श्रीमती अग्निहोत्री को विशेष सम्मान राशि 11 हजार रुपए, शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। श्रीमती सीमा अग्निहोत्री को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया था। श्रीमती अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों की पसंद, ना पसंद उनके सकारात्मक उपरात्मक पक्ष उपलब्धियां और पारिवारिक स्थिति को समझने के लिए पोर्टफोलियो तैयार किया। अपनी कक्षा में शिक्षा का माहौल आनंदमय बनाने के लिए तकनीक की मदद से टीचिंग लर्निंग मटेरियल तैयार किया। सबकी पढ़ाई में रुचि मे वृद्धि हो. इसके लिए समुदाय को शामिल कर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं जैसे कहानी, निबंध लेखन, समाचार पत्र लेखन, नाटक और नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया। इनके यूट्यूब चौनल से 54 हजार से अधिक विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए उन्हें कई पुरस्कार मिले हैं।

## आईटीआई बाजना में प्रवेश प्रारम्भ

**रतलाम।** प्रभारी प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बाजना ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बाजना में पहले आओ पहले पाओ अन्तर्गत प्रवेश प्रारम्भ हो चुके हैं, जिसमें कम्प्युटर आपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (एससीवीटी) की 26 सीट, फीटर (एससीवीटी) व्यवसाय की 10 एवं स्विंग टेक्नालाजी (एससीवीटी) व्यवसाय की 14 सीटें रिक्त हैं। इच्छुक आवेदक 30 अक्टूबर तक प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी नजदीकी आईटीआई अथवा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बाजना (8827687146) से प्राप्त की जा सकती है।

# महालक्ष्मी मंदिर में नोटों के साथ आ रही विदेशी मुद्रा

## सजावट के लिए आए 70 लाख रुपए के नोट, मंदिर को रोशनी से सजाया

**रतलाम।**

**महालक्ष्मी मंदिर में नोटों व आभूषणों से सजावट की जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर की सजावट के लिए रुपए व आभूषण लेकर आ रहे है। अभी तक मंदिर में करीब 70 लाख रुपए के नोट आ चुके हैं।**

साथ ही सोना-चांदी के आभूषण भी आए। इस बार मंदिर में नोटों के बंधनवार से मंदिर को अलग तरह से सजाया जा रहा है। नोटों के बुके (गुलदस्ता) भी बनाए हैं। नोटों के साथ विदेश मुद्रा भी मंदिर में आ रही है।

पांच दिवसीय दीपावली पर्व की शुरुआत 29 अक्टूबर धनतेरस से होगी। इस दिन से मंदिर की लाखों रुपए व सोने-चांदी के आभूषणों की सजावट पांच दिन तक मंदिर में रहेगी। कई भक्त तो ऐसे है एक मुश्त मंदिर में लाखों रुपए रख कर जा रहे है। शरद पूर्णिमा से मंदिर में सजावट के लिए नोटों का आने का सिलसिला शुरू हुआ था जो कि धनतेरस के एक दिन पूर्व तक जारी रहेगा। रतलाम के अलावा बाहर से भी बड़ी संख्या में भक्त नोट देने आ रहे हैं।

### 700 लोग दे चुके हैं रुपए और आभूषण



मंदिर की सजावट को लेकर करीब 700 भक्त अभी तक मंदिर की सजावट को लेकर रुपए व आभूषण दे चुके हैं। सभी की रजिस्टर में नाम, पता, फोटो के साथ एंट्री कर एक टोकन दिया जा रहा है। दीपावली के पांच दिन बाद टोकन लेकर मंदिर में जाने पर भक्तों द्वारा दिए गए नोट व आभूषण प्रसादी के रुपए लौटा दिए जाते है।

मंदिर में सजावट के लिए नोटों के साथ विदेशी मुद्रा भी आ रही है। इंदौर के रहने वाले धीरज परिहार रतलाम में एक इंस्टीट्यूट के वह ब्रांच हेड है। उन्होंने महालक्ष्मी मंदिर में दुबई की मुद्रा दिरहम (2200 रुपए) मंदिर में भेंट की है। इनका कहना है कि काफी समय तक दुबई में रहा हूं। धनतेरस को अमेरिका का डॉलर भेंट करुंगा।

### थाने में भी दिया आवेदन

श्रीमाली ब्राह्मण समाज सचिव द्वारा माणकचौक पुलिस थाने में मंदिर के पूर्व पंडित संजय पुजारी के खिलाफ लिखित शिकायत की है। शिकायत में संजय पुजारी के बड़े भाई के निधन पर परिवार में सूतक होने के बावजूद पुजारी व उनके रिश्तेदारों ने मंदिर में उपस्थित रहकर आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाए कि संजय पुजारी ने शासन-प्रशासन को झूठी जानकारी व पूजा विधि के झूठे दस्तावेज के माध्यम से नियुक्ति ली है। उन्हें किसी भी प्रकार की पूजा पाठ, मंत्रोच्चार, कर्मकांड नहीं आते है। धार्मिक विद्वानों की उपस्थिति में उनके पूजा विधि प्रमाण पत्र की जांच की जाना चाहिए।

संजय पुजारी ने कहा कि सारे आरोप निराधार है। चार्ज देने के दौरान मंदिर में रखे आभूषण उन्हें दे दिए गए। कुछ श्रद्धालुओं के चांदी के आभूषण और चांदी रखे हुए है। जब भी मांगेंगे वह लौटा दूंगा।

# अमानक नमूने एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों पर कृषि विभाग द्वारा कार्यवाही

**रतलाम।**

उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा बताया गया कि जिलें में बीज के शत-प्रतिशत नमूनो की पूर्ति कर 330 नमूने प्रयोगशाला को विश्लेषण हेतु भेजे गए थे जिसमें से सहकारिता के 05 तथा निजी के 27 नमूने कुल 32 नमूने अमानक पाये गए।

निजी क्षेत्र के 08 फर्मो के उत्तर संतोषप्रद न पाए जाने के कारण बीज लायसेंस निलम्बित किए गए है तथा उर्वरक के शत-प्रतिशत नमूनो की पूर्ति कर 283 नमूने प्रयोगशाला को विश्लेषण हेतु भेजे गए थे जिसमें से सहकारिता के 05 तथा निजी के 06 नमूने कुल 11 नमूने अमानक पाये गए। निजी क्षेत्र के 04 फर्मो के उत्तर संतोषप्रद न पाये जाने के कारण उर्वरक लायसेंस निलम्बित किए गए है। इसी प्रकार कीटनाशक के शत-प्रतिशत नमूनो की पूर्ति कर 27. नमूने प्रयोगशाला को विश्लेषण हेतु भेजे गए थे जिसमें से 04 नमूने के परिणाम प्राप्त हुए है जो मानक पाये गए है।

सघन अभियान के अंतर्गत गठित दल द्वारा सतत निरीक्षण किये जा रहे है। पौध संरक्षण औषधी की फर्म मेसर्स श्री नाथ एग्रो एजेंसी, नामली की शिकायत के आधार पर तथा अनियमितता पाये जाने पर संबंधित को दोषी मानते हुए कीटनाशी लायसेंस निलम्बित किया गया।

इसी प्रकार मेसर्स संजय ब्रदर्स, धानमण्डी रतलाम की शिकायत तथा निरीक्षण के दौरान अनियमितता सिद्ध होने के कारण संबंधित को दोषी मानते हुए कीटनाशी लायसेंस निलम्बित किया गया। साथ ही उर्वरक फर्म मेसर्स लब्धि कृपा कृषि सेवा केन्द्र शिवगढ, मेसर्स श्री सांई एजेंसी शिवगढ के साथ-साथ आस्था कृषि सेवा केन्द्र रावटी की फर्म पर अनियमितता पायी जाने के उपरांत उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## पुष्य नक्षत्र में रोशनी से जगमगाया रानीजी का मंदिर



**रतलाम।** धानमण्डी स्थित ऐतिहासिक श्री अजब कुंज बिहारी रानीजी के मंदिर को रोशनी से जगमग किये जाने हेतु नगर निगम द्वारा लगाई गई आर्कषक विद्युत सज्जा का शुभारंभ महापौर प्रहलाद पटेल ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, विद्युत एवं यांत्रिकी समिति प्रभारी अक्षय संघवी व महापौर परिषद सदस्य तथा क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती सपना त्रिपाठी के साथ 24 अक्टूबर गुरूवार को पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर विधिवत् पूजा-अर्चना कर तथा बटन दबाकर किया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि उन्होने बताया कि ऐतिहासिक मंदिर श्री अजब कुंज बिहारी रानीजी के मंदिर का कैबिनेट मंत्री म.प्र. शासन एव विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप द्वारा जीर्णोद्धार व रंगरोगन का कार्य करवाया गया था। शहर में स्थापित महापुरूषों की प्रतिमा स्थल व ऐतिहासिक स्थल को ओर अधिक आकर्षक बनाये जाने हेतु विद्युत सज्जा का कार्य करवाया जा रहा है जिसके तहत शहर के प्राचीन रानीजी के मंदिर पर आर्कषक विद्युत सज्जा करवाई गई है ताकि मंदिर रात्री में ओर अधिक आर्कषक लगे।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद अशोक यादव के अलावा शांतिलाल उपाध्याय, गौरव त्रिपाठी, राकेश मेहता, महेश त्रिपाठी, विपिन श्रीमाल, सुदर्शन मालवी, जैनम जैन, जगदीश व्यास, सत्यनारायण उपाध्याय, लखन बोहरा, अभिनव त्रिपाठी सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# नवनियुक्त शिक्षकों का चार दिवसीय इंडक्शन प्रशिक्षण आयोजित

**रतलाम।**

**शिक्षक को शिक्षा के प्रति संजीदा और संवेदनशील होना चाहिए। शिक्षा में विविधता, बहुविधता एवं उसके प्रति सचेतन होकर ही हम देश को समृद्ध बना सकते है।**

यह बात जिला शिक्षा अधिकारी श्री के.सी. शर्मा ने नवनियुक्त शिक्षकों को चार दिवसीय इंडक्शन प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय में कही।

उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमावत ने कहा कि एक अच्छा शिक्षक विद्यार्थियों के हृदय में नैतिक व सामाजिक मूल्यों की नींव रखता है जिससे विद्यार्थी का व्यक्तित्व भी संवरता है और उन्हें सही दिशा का मार्गदर्शन भी मिलता है। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी श्री अशोक लोढ़ा ने कहा कि शिक्षकों का योगदान केवल कक्षा तक सीमित नहीं रहता है, उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में सुधार एवं नवाचार अपनाने के लिए सक्रिय एवं गतिशील रहना चाहिए वे नवोन्मेषी दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षा को सुधारने का प्रयास करते हैं।

सहायक परियोजना अधिकारी श्री सी.एल. सालित्रा ने विभाग की नियमावली व कार्य प्रणाली को बताते हुए कहा कि हम प्रशासन द्वारा प्रदत्त शिक्षा नीति को अपनाकर शिक्षण कार्य को प्रभावी एवं दोष मुक्त बना सकते हैं। मास्टर ट्रेनर विनीता ओझा एवं मधु भदोरिया ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, पाठ्यक्रम योजना, अवकाश नियम, गोपनीय चरित्रावली आदि विषयों पर विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संचालन विनीता ओझा ने एवं आभार मधु भदोरिया ने माना। प्रशिक्षकों को सुभाष कुमावत ने प्रमाण पत्र प्रदान किए।

## पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार और सीएमएचओ डॉ. आनंद चंदेलकर के निर्देशन में रतलाम शहर के पुलिस लाइन महू रोड केंद्र पर पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी और उनके परिवारजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान अधिकारी कर्मचारियों की ब्लड प्रेशर, शुगर, दंत रोग, टी.बी. एच आई वी एवं अन्य समस्त प्रकार की बीमारियों की जांच उपचार और परामर्श प्रदान किया गया।

शिविर के दौरान डॉक्टर जीवन चौहान फिजिशियन, डॉ मंजुल बाजपेई सांस एवं छाती रोग विशेषज्ञ, डॉ. अलका तोमर दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ ज्योति शर्मा ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. प्रदीप विश्वास, डॉ. विशाल राठौर, डॉ. यश राणावत, जनरल फिजिशियन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना के नेत्र रोग चिकित्सा सहायक के. एस. चौहान, नर्सिंग ऑफिसर चेरी परमार, खुशबू बैंडवाल, अभिषेक मसीह, आफरीन सैयद, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आरती पाटीदार, सुधा जोशी, पुष्पा पंचाल, नितेश मयडा, डॉ अल्का, देवेंद्र तोमर, अपूर्व शर्मा, सैफ अली सैय्यद आदि ने आगंतुक पुलिस अधिकारी कर्मचारी और उनके परिवार जनों का स्वास्थ्य परीक्षण और रक्त जांच कर दवाइयां प्रदान की। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के रक्षित निरीक्षक, सूबेदार कैलाश बघेल, स्वास्थ्य विभाग की शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती हीना मकरानी, जिला मीडिया अधिकारी आशीष चौरसिया, वैभव त्रिवेदी, केसर मुनिया, श्यामदास बैरागी आदि का विशेष सहयोग रहा।

### पुलिस कर रही कबाडख़ानों की जांच

# चोरी का सामान खरीदने व बेचने वालों पर नजर

**रतलाम।**

**जिले में लगातार हो रही चोरियों को रोकने में नाकाम पुलिस अब कबाडख़ानों की जांच कर रही है। पुलिस कबाडख़ानों में जाकर कबाड़ गोदामों के संचालक को हिदायत दे रही है कि चोरी का सामान नहीं खरीदे।**



अगर कोई ऐसा कोई संदिग्ध आता है तो हमें सूचना दें। पुलिस चोरी के सामान बेचने व खरीदने वालों पर नजर रख रही है। रतलाम एसपी अमित कुमार द्वारा चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में चोरी के समान बेचने व खरीदने वालों पर निगरानी रखने को कहा है। साथ ही संदिग्धों की तलाशी और कबाडख़ानों आदि की चेकिंग करने व कबाड़ा व्यवसायियों के साथ बैठक कर समझाइश देने को कहा है।

इसी कड़ी में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र वीडी जोशी के नेतृत्व में थाने की टीम गठित कर थाना क्षेत्र के कबाडख़ाना एवं गोदामों की चेकिंग की। पुलिस टीम द्वारा विरीयाखेड़ी में मोहम्मद शकूर, छोटू शाह, मोहम्मद आजाद तथा मोहन नगर में मुबारिक खान, बालाजी टाऊन शिप में सलमान, निशार, अहमद, इंडस्ट्रियल एरिया में कबाडख़ाना एवं गोडाउन की चेकिंग की।

### रजिस्टर में लिखना होंगे नाम

कबाडख़ाना मालिकों को समझाइश दी कि किसी भी प्रकार के संदिग्ध या चोरी का समान नहीं खरीदे। समान बेचने वाले लोगों की जानकारी एक रजिस्टर में रिकॉर्ड रखे। समान बेचने वाले का नाम पता आदि का विवरण रजिस्टर में होना चाहिए। संदिग्ध द्वारा सामान बेचने आने पर तुरंत इसकी सूचना पुलिस थाने देना होगी।

साथ ही कबाडख़ाने पर काम करने वाले कर्मचारियों की जानकारी थाने पर देना को कहा। हर सप्ताह पुलिस द्वारा कबाडख़ाने की आकस्मिक चेकिंग भी की जाएगी। यदि कोई भी कबाडख़ाने पर चोरी का सामान खरीदने, बेचना पाए जाने पर कबाड़ा व्यवसायी के खिलाफ की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को कोटपा अधिनियम की जानकारी दी गई

**रतलाम।**

**जिले में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला तंबाकू नियंत्रण समिति का गठन किया गया है।**

कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए रतलाम जिले के पुलिस लाइन केंद्र पर डॉक्टर जीवन चौहान, अशोक अग्रवाल, बगदीराम बघेल, अशोक मेहता, आशीष चौरसिया आदि ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को संबोधित किया।

जागरूकता सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम के दौरान श्री आशीष चौरसिया ने बताया कि कोटपा कानून की धारा 4 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान करने पर 200 रूपये तक का जुर्माना करने का प्रावधान है । धारा 5 के अंतर्गत तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध है । धारा 6 (अ) के अनुसार अवयस्कों को तम्बाकू उत्पादों के विक्रय पर प्रतिबंध है । धारा 6 (ब) के अनुसार शैक्षणिक संस्थाओं के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पादों के विक्रय पर प्रतिबंध है। धारा 7 के अनुसार सभी तम्बाकू उत्पादों पर स्वास्थ्य संबंधी विर्नीदिष्ट चेतावनी अनिवार्य रूप से अंकित होना प्रावधानित है।



कार्यक्रम के दौरान श्री अशोक अग्रवाल ने पोस्टर एवं पुस्तिका का विमोचन कराया तथा तंबाकू से होने वाले खतरों के प्रति सचेत किया। श्री बगदीराम बघेल ने बताया कि वे स्वयं कैंसर रोग से पीड़ित होने के बाद वर्तमान में स्वस्थ होकर 84 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं। इसलिए बीमारी से घबराने की बजाय समय पर अपनी जांच और उपचार करना चाहिए। अशोक मेहता ने सभी के स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाएं दी। डॉक्टर जीवन चौहान फिजिशियन ने बताया कि तंबाकू उत्पादों के कारण हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, स्ट्रोक, कैंसर, नपुंसकता आदि जैसी अनेक बीमारियां होती हैं। गैर संचारी रोगों से बचाव के लिए सावधानी ही इसका मुख्य उपचार है। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी सूबेदार कैलाश बघेल, और रक्षित निरीक्षक कार्यालय के विभिन्न अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती संध्या शर्मा, जिला जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, डॉ. गोपाल यादव एवं डॉ. दिनेश पेंढारकर का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा।




## मज़े-मज़े में..

बाजार के एक कोने में, भीड़ भरी चाय की दुकान पर बंटी और चिंटू बैठे हुए थे। बंटी हमेशा की तरह अपनी चाय में चीनी डालकर उसे हल्का मीठा करने की कोशिश कर रहा था, जबकि चिंटू उसकी हरकतों का मजाक उड़ाता रहा। दोनों की दोस्ती में एक अद्भुत संतुलन था–बंटी हमेशा सकारात्मक और चिंटू हमेशा नकारात्मक।

यार, तूने सुना? मिस्त्री शर्मा का बेटा एक बार फिर फेल हो गया, चिंटू ने चुटकी लेते हुए कहा।

अरे, क्या हुआ? यह तो सामान्य बात है। सबको अपने-अपने तरीके से सीखने का मौका मिलता है, बंटी ने जवाब दिया।

परंतु, उसे तो अपनी हरकतों पर शर्म आनी चाहिए। उसके पिताजी ने कितनी मेहनत की है! चिंटू ने थूकने वाले भाव से कहा।

देख, निंदा करने में कुछ खास बात होती है। इससे दिल का भार हल्का होता है। यह एक प्रकार का टॉनिक है, बंटी ने चाय की चुस्की लेते हुए कहा।

चिंटू ने अपनी आँखें खोलते हुए कहा, क्या मतलब? तुझे नहीं लगता कि निंदा करना गलत है?

गलत या सही का क्या? निंदा से मांसपेशियों का विकास होता है। यह एक प्रकार का स्वास्थ्यवर्धक पेय है, जो पीने से न सिर्फ मन हल्का होता है, बल्कि शरीर भी पुष्ट होता है। और हां, निंदा करने से हमें सभी प्रकार के विटामिन और प्रोटीन मिलते हैं। तू सोचता है कि संत लोग क्यों खुद की निंदा करते हैं?

परनिंदा नहीं करनी चाहिए, बंटी। संत तो खुद को सुधारने के लिए साधना करते हैं, न कि दूसरों के दोष निकालने के लिए, चिंटू ने चुटकी ली।

अरे, तू नहीं समझेगा। संतों का आत्मग्लानि का यह प्रदर्शन दरअसल एक उत्कृष्ट निंदा का प्रदर्शन है। वो अपने स्वास्थ्य के लिए ऐसा करते हैं। जैसे 'मौसम कौन कुटिल खल कामी' कहना वास्तव में उनके लिए एक टॉनिक है। यही तो संतों की असली कला है! बंटी ने गंभीरता से कहा।

चिंटू ने तंज करते हुए कहा, अगर संत इसे करते हैं, तो हम क्यों नहीं कर सकते? आखिरकार, हमारा भी तो कुछ बड़ा होना चाहिए। चल, चलकर मिस्त्री शर्मा के बारे में थोड़ी और बात करते हैं। हमें उसकी विफलता से कुछ मजा आ रहा है!

दोनों ने एक साथ मिस्त्री शर्मा के बारे में निंदा शुरू कर दी। लेकिन तभी एक आदमी पास आकर बोला, तुम लोगों को शर्म नहीं आती? क्या तुम जानते हो, मिस्त्री शर्मा ने अपने बेटे की पढ़ाई के लिए कितनी मेहनत की है?

चिंटू ने मुँह चिढ़ाते हुए कहा, भाई, यह निंदा नहीं है। यह तो सिर्फ एक चर्चा है। हम तो बस अपनी चिंता साझा कर रहे हैं। क्या तुम यह नहीं मानते कि निंदा करने में भी स्वास्थ्य का राज छुपा है?

आदमी ने चौंकते हुए कहा, निंदा से स्वास्थ्य ठीक नहीं होता, बल्कि यह तो सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करती है। तुम लोग सिर्फ अपने मन को हल्का कर रहे हो, लेकिन किसी और की आत्मा को नुकसान पहुँचा रहे हो।

बंटी ने सहमति में सिर हिलाते हुए कहा, परंतु इस स्वास्थ्य विज्ञान के अनुसार, हमारे पास ऐसे विटामिन्स और प्रोटीन होते हैं जो हमें मजबूती देते हैं। हमें बस यह शोध करना है कि कौन सी निंदा में किस प्रकार के पोषक तत्व होते हैं। जैसे, स्त्री संबंधी निंदा में प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है।

और शराब संबंधी निंदा में विटामिन। यार, क्या चतुराई है तुम्हारी! चिंटू ने मजाक में कहा।

परंतु तभी, दुकानदार ने कहा, भाई लोग, तुम दोनों तो एक काम करो– अपनी निंदा को एक जगह रखो और खुद की प्रशंसा करो। क्योंकि निंदा करने से किसी का कुछ नहीं होता, बस खुद का नुकसान होता है।

बंटी और चिंटू एक दूसरे को देखने लगे। चिंटू बोला, यार, क्या तर्क है। अब लगता है हमें अपनी निंदा का पिटारा बंद कर देना चाहिए। आखिरकार, संतों की तरह हमें भी खुद को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

बंटी ने सहमति में सिर हिलाया, लेकिन उसके चेहरे पर एक हल्की मुस्कान थी। सच में, यह निंदा का टॉनिक नहीं, बल्कि आत्मग्लानि का जहर बन रहा है।

और इसी सोच में, दोनों चाय की चुस्कियाँ लेते रहे, अपनी-अपनी खामोशी में खो गए, जो निंदा की अति में ढल गई थी। लेकिन क्या यह अति उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचा रही थी? यही सोचते-सोचते, चाय का प्याला खत्म हो गया।

## सांसद प्रतिनिधि के नेतृत्व में डी आरएम से मिले व्यापारी



जावरा।

रेलवे दोहरीकरण कार्य के चलते रेलवे फाटक क्रमांक 177 बंद होने के बाद स्टेशन रोड़ और फाटक के दूसरी तरफ का चौपाटी रोड़ के साथ चौपाटी चाट सेंटर प्रभावित हुए है। जिसे लेकर रतलामी गेट से स्टेशन चौराहा के व्यापारी मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में रतलाम डीआरएम से भेंट कर समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि चौधरी ने सांसद सुधीर गुप्ता से फोन पर चर्चा की ओर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही डीआरएम को भी आवेदन देते हुए व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किए जाने की मांग की। डीआरएम ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि मुंबई मुख्यालय पर चर्चा करे व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करेंगे।

## बिना नोटिस दिए गाड़ी सीज करने वालों पर हो कार्रवाई

**जावरा ।** जावरा शहर में फायनेंस कंपनी वाले लोगों की गाड़ी बिना नोटिस दिए ही पकड़ लेते है और गुंडा गर्दी कर दंगा फसाद पर उतर आते है। अवैध कंपनी और सीज करने वालों के खिलाफ आदिवासी युवा शक्ति संगठन ने एसडीएम रीडर को ज्ञापन देते हुए कार्रवाई की मांग की है। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि आए दिन गाड़ी पकड़ने वाले जहां मर्जी हो वहां आकर गाड़ी पकड़ लेते है। चाहे पीड़ित अस्पताल हो या किसी निजी जगह हो सीजर गाड़ी जप्त कर गाड़ी मालिक के साथ अगर महिला हो तो भी उन्है पैदल घर भेज देते है। आदिवासी युवा संगठन ने कंपनी के ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की।





# हादसे में घायल प्रवीण की हालात स्थिर, अधिवक्ताओं ने ओवर ब्रिज पर किया प्रदर्शन

## एडवोकेट बोले : ब्रिज बनाने वाले सेतु निगम के अधिकारियों पर दर्ज हो प्रकरण

### ब्रिज पर डिवाईडर और स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग भी उठाई

**जावरा ।** शहर के मध्य स्थित रेलवे समपार 177 पर बनाए गए फ्लाय ओवर ब्रिज पर गुरुवार की रात में एडवोकेट प्रवीणसिंह पिता प्रदीपसिंह सोलंकी के सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गए। सिर और जबड़े में गंभीर चोटे आई।

मौके पर खुन अधिक बह निकला। रतलाम में ईलाज चल रहा है। रतलाम अस्पताल में शुक्रवार को जबड़े की सर्जरी कर दी गई है तो वहीं नली से भोजन भी करवाया जा रहा है। वे अब भी बेसुध है और प्रवीण की हालात अब भी स्थिर बनी हुई है। डॉक्टरों की माने तो उन्है 72 घंटे बाद होश आ सकता है।

इधर शुक्रवार को दोपहर में अभिभाषक संघ जावरा के सभी सदस्य कोर्ट परिसर से पैदल ओवर ब्रिज तक पहुंचे और जहां अधिवक्ता सोलंकी घायल हुए थे उसी स्थान पर बैठकर अभिभाषकों ने धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। इधर सड़क पर उतरे वकीलों के ओवरब्रिज पर पहुंचने के साथ ही प्रशासन ने ओवर ब्रिज को दोनो और से ब्लाक कर दिया। जिससे कोई भी वाहन प्रदर्शन के दौरान ब्रिज पर नहीं पहुंच सका, ऐसे में ब्रिज के दोनो छोर पर वाहनों की लंबी कतारे लग गई, जिन्है अलग-अलग रूट से डायर्वट कर निकाला गया। फ्लाय ओवर ब्रिज पर अधिवक्ताओं के प्रदर्शन के दौरान एम्बूलेंस पहुंची तो वकीलों ने मानवता दिखाते हुए तत्काल एम्बुलेंस को रास्ता दिया। मौके पर आए एसडीएम को अभिभाषकों ने बोला कि प्रशासन ने रोड़ बंद किया है, हम तो शांति से साईड़ में खड़े होकर भी अपना विरोध जता सकते थे। इसके बाद ब्रिज पर आवगमन प्रारंभ हो गया।

### आंदोलन की दी चेतावनी

अधिवक्ताओं ने ब्रिज पर हुए हादसे को लेकर सीधे-सीधे प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया और ब्रिज निर्माण में जिन अधिकारी और कर्मचारियों की लापरवाही व सुरक्षा को अनदेखा कर जो यू टर्न के स्थान पर पर्याप्त रोड़ की चौड़ाई ना देते हुए तत्काल बिना किसी जांच के फ्लाय ओवर को चालु कर दिया गया ऐसे दोषी सेतु निगम के अधिकारी-कर्मचारी पर प्रकरण दर्ज किया जाए। ब्रिज पर सुरक्षा के इंतजाम करने के लिए अधिवक्ताओं ने समय सीमा में व्यवस्था नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दे डाली और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम अनुविभागीय अधिकारी त्रिलोचन गौड़ को ज्ञापन सोंपा। एसडीएम के साथ नायब तहसीलदार वैभव जैन भी उपस्थित थे।

ब्रिज पर सुरक्षा को लेकर ये भी रखी मांगे

- जब तक अण्डर ब्रिज नहीं बन जाता तब तक रेलवे फाटक को पुनः खोला जाए।
- फ्लाई ओवर की चोड़ाई को बढ़ाया जाए साथ ही दोनो छोर पर यु टर्न के लिए रोड़ को चोड़ा किया जाए।
- दुर्घटनाओं को रोकने के लिए फ्लाय ओवर के बीच में तत्काल डिवाईडर लगाकर वन वे जैसी स्थिति निर्मित की जाए।
- बीच-बीच में गति नियंत्रण करने के लिए स्पीड़ ब्रैकर बनाए जाए।
- ब्रिज के दोनो छोर पर ट्रेफिक जवान तैनात किया जाए।
- निर्माणाधीन अंडर ब्रिज को मानकता के साथ बनाने और पानी की उचित निकासी करने तथा चौडाई बढ़ाई जाने की मांग भी की।

### इनकी रही उपस्थिति

धरना प्रदर्शन के दौरान अभिभाषक संघ अध्यक्ष दिनेश चौहान, उपाध्यक्ष जयंत व्यास, सचिव भारत सैनी, सह सचिव दीपाली कुमावत, कोषाध्यक्ष राहुल पहाड़िया, लायब्रेरी सचिव चरणसिंह सोनगरा के साथ वरुण श्रोत्रिय, आईपी त्रिवेदी, ओपी बघेरवाल, धर्मेन्द्रसिंह सिसौदिया, हिम्मतसिंह श्रीमाल, उब्बेद अंसारी, हेमेन्द्र तिवारी, सफाअत रसूल आदि ने संबोधित कर जिम्मेदारों को जमकर कौसा। इस मौके पर तन्मय सोनी, सजी वर्गीस, अर्पित चत्तर, मनीष त्रिवेदी, मुकेश भाटी, रशीद बुखारी, अकबर मिर्जा, अजय श्रीवास्तव, अंकित जैन, अब्दुल हकीम खान, अशोक सेठिया, सुजानमल कोचट्टा, आशीष सैनी, अभय श्रीमाल, आनंद रांका, उम्मेद पगारिया आदि सहित बड़ी संख्या में अभिभाषक मौजुद रहे। संचालन अधिवक्ता संतोष मेड़तवाल ने किया।

# पति-पत्नी के साथ मारपीट करने वाले 2 लोगों को 1 वर्ष की सजा

**जावरा।** खेत के सेड़े से चारा कटाने की बात को लेकर पति-पत्नी के साथ मारपीट कर घायल करने वाले दो आरोपियों को प्रथम श्रेणी न्यायालय ने 1-1 वर्ष का कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से दंडित किया है।

सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी भूपेन्द्र कुमार सांगते ने बताया कि पीड़ित कन्हैयादास ने पिपलोदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 8 मई 2022 को शाम 6 बजे मेरी पत्नि शिवकन्याबाई खेत के सेडे के पास चारा काट रही थी तभी रामसिंह गुर्जर निवासी अर्निया गुर्जर व भुरालाल निवासी आकतवासा आए और अश्लील गालीया देकर पत्नि के साथ विवाद करने लगे। जब मै वहां पहुंचा तो रामसिंह ने लात घुसो व भुरालाल ने लकड़ी से मारपीट की, जिससे पीड़ित के साथ ही पत्नि को गर्दन में चोट लगी। पिपलौदा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस द्वारा संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया।

प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट ऋचा द्विवेदी भुजंग द्वारा विचारण उपरांत साक्ष्य एवं तर्कों के आधार पर रामसिंह पिता इंदुलाल गुर्जर निवासी अरर्निया गुर्जर एवं भुरालाल पिता पुनालाल निवासी आकतवासा को धारा 325,34 भादवि में 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 200-200 रुपयें के अर्थदंड से दंडित किया। शासन की ओर से सफल पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी भुपेन्द्र कुमार सांगते ने की।

## अधिराजसिंह ने संभाग का प्रतिनिधित्व कर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जावरा ।** उज्जैन संभाग की फुटबॉल टीम में जिले से चयनित जावरा नगर के अधिराजसिंह चौहान पिता दिनेश चौहान एडवोकेट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर का गौरव बढाया। लोक शिक्षण संचनालय मध्य प्रदेश द्वारा विकासखंड खालवा जिला खंडवा में 68 वीं राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें उज्जैन संभाग की टीम में रतलाम जिले से जावरा नगर के एकमात्र खिलाड़ी अधिराज सिंह ने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम को उपविजेता का खिताब दिलाया। उनकी इस उपलब्धि पर ईष्ट मित्रों सहित शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## इंदौर में भूतिया पार्टी को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**इन्दौर।** इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित किंग एडवर्ड मेडिकल स्कूल बिल्डिंग में हुई भूतिया पार्टी के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन किया। बिल्डिंग से भूत प्रेत को भगाने और आयोजकों को सद्बुद्धि प्रदान करने पंडित एवं तांत्रिक द्वारा हवन पूजन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने बिल्डिंग के जीर्णोद्धार और बिल्डिंग को बदरंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# इंदौर में बर्थडे के दिन जूनियर डॉक्टर की मौत

**इन्दौर।** इंदौर के महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर की बर्थडे के दिन मौत हो गई।गुरुवार को बर्थडे पार्टी के लिए उन्होंने दोस्तों को बुलाया था। वे बाथरुम गए और वहां चक्कर खाकर गिर गए। दोस्त अस्पताल ले गए, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पलासिया थाना के एएसआई सुधीर शर्मा ने बताया कि मृतक का नाम डॉ. जितेंद्र कैथल है। वे एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पीजी सेकेंड ईयर के स्टूडेंट थे। घटना गुरुवार शाम की है। मामले में शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की गई है।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ की अपराध समीक्षा बैठक

## त्योहारों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा कर दिये कई दिशा-निर्देश

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा दिनांक 25.10.24 को नवीन पुलिस कंट्रोल रूम पर पुलिस के सभी राजपत्रित अधिकारियो एवं थान प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



बैठक मे जिले के समस्त थाना क्षेत्रों की कानून व्यवस्था एवं अपराधो की समीक्षा के साथ आगामी त्योहार के शांति पूर्वक सम्पन्न करवाने के संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों से आगामी त्योहारों धनतेरस, दीपावली आदि के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश प्रदान किए।

सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण कर अवैध गतिविधियों शराब, जुआ सट्टा, मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ और सख्ती से कार्रवाई की जाए। खुले में शराब पीने वालों, असामाजिक तत्वों और दहशत फैलाने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जाए। धोखाधड़ी के गंभीर अपराधों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। छोटी से छोटी सूचना को गंभीरता से लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। किसी भी सूचना पर पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम त्वरित होना चाहिए। स्थाई वारण्टी-गिरफ़्तारी वारंटियों की भी धरपकड़ करने, थाना स्तर पर पेट्रोल पंप संचालकों, एटीएम बैंक के सुरक्षाकर्मियों, मंदिर समिति पुजारियों की बैठक आयोजित कर आवश्यक समझाइश प्रदान करेंगे। थाना क्षेत्र के होटल, ढाबों एवं रेस्टोरेंट्स, बस स्टैंड रेलवे स्टेशन की नियमित चेकिंग करेंगे।

चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि गश्त एवं प्रभात गश्त में विशेष सतर्कता बरते

थाना क्षेत्र में अवैधानिक लाउड स्पीकर के उपयोग पर कार्यवाही करेंगे।

थाना क्षेत्र में आने वाले बाहरी व्यापारियों, मुसाफिरों, संदिग्ध फेरी वालों आदि पर निगरानी

थाने पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का कैंप लगाकर शीघ्रता से संतुष्टिपूर्वक निराकरण करेंगे।

दीपावली पर्व के दृष्टिगत पटाखा विक्रेताओं की बैठक लेकर सुरक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश देगे।

महिला संबंधी अपराधों का पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 60 दिवस के भीतर निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे,चोरी एवं लूट के पुराने ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर क्षेत्र में पुलिस की गश्त एवं सीसीटीवी कैमरे लगवाने की समझाइश दी जाए।

गंभीर एवं आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही करेंगे।नारकोटिक्स के अपराधों स फि मा की कार्यवाही कर संपत्ति अटैच करेंगे। आरोपियों का डोजियार तैयार करेंगे।

गोवंश तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु कार्यवाही कर, गोवंश के 10 वर्ष तक के पुराने आरोपियों पर निगरानी रखेंगे।

नशे में वाहन चलाने वालों विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करेंगे।

थाने पर प्राप्त होने वाले चरित्र सत्यापन के आवेदनों का 15 दिवस के भीतर निराकरण करेंगे।

थाना क्षेत्र के घरेलू नौकरों, किरायेदारों की जानकारी रखेंगे, थाना क्षेत्र के जिलाबदर आरोपियों की नियमित चेकिंग करेंगे।

आपराधिक प्रवृत्ति में शामिल रहने वाली गैंग सांसी, पारदी, कंजर की क्षेत्र में आवाजाही पर निगरानी रखेंगे,

## योगेश ने सपना किया पूरा!



योगेश त्रिपाठी शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह के रूप में मशहूर हैं। उन्होंने हाल ही में भारत के समृद्ध इतिहास को एक्सप्लोर करने के लिए अपने शूटिंग शेड्यूल से ब्रेक लिया। दशहरा से पहले राम बारात उत्सव में भाग लेने के लिये वह आगरा पहुँचे थे और इसी दौरान उन्हें विश्व प्रसिद्ध ताजमहल देखने का भी मौका मिल गया। कई पर्यटकों की तरह उन्होंने भी लोकप्रिय 'होल्डिंग द फिनियल' पोज़ क्लिक किया। यह एक मजेदार ऑप्टिकल इल्युज़न होता है, जिसमें व्यक्ति को गुंबद का शिखर छूते दिखाया जाता है। योगेश त्रिपाठी, ऊर्फ दरोगा हप्पू सिंह ने अपने इस अनुभव के बारे में बताया कि ''वह जादुई था।'' उन्होंने कहा, ''ताजमहल को अपने सामने देखना एक सपने के सच होने जैसा था।

## अटूट प्रतिबद्धता के लिए भी जाने जाते हैं आदेश



अभिनेता आदेश चौधरी, भारतीय टेलीविजन पर एक जाना-पहचाना चेहरा हैं, जो ससुराल सिमर का, लाल इश्क, दीया और बाती हम, देश की बेटी नंदिनी, मैं लक्ष्मी तेरे आंगन की, डोली अरमानों की का हिस्सा रह चुके हैं, न केवल अपनी आकर्षक स्क्रीन उपस्थिति के लिए बल्कि फिटनेस के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए भी जाने जाते हैं। एक अभिनेता के व्यस्त जीवन को फिट रहने पर ध्यान केंद्रित करते हुए संतुलित करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन आदेश के लिए यह एक प्राथमिकता है, जिसके साथ वह कभी समझौता नहीं करते हैं। एक विशेष बातचीत में, उन्होंने अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने, व्यस्त करियर के साथ वर्कआउट को संतुलित करने और सक्रिय रहने के मानसिक लाभों के पीछे के रहस्यों का खुलासा किया।

## असमिया फिल्म जिया प्रीमियर के लिए तैयार



केनी बसुमतारी द्वारा निर्देशित और शर्मिष्ठा चक्रवर्ती द्वारा निर्मित, अत्यधिक प्रशंसित असमिया फीचर फिल्म जिया अब अपने टेलीविज़न प्रीमियर के लिए तैयार है। सिनेमाघरों में सफल प्रदर्शन के बाद, यह फिल्म अब अपने टीवी डेब्यू के माध्यम से व्यापक दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है।जिया को सामाजिक रूप से प्रासंगिक विषयों की खोज के लिए भी सराहा गया है। प्रसिद्ध अभिनेत्री इला अरुण ने एक अकेली माँ के जीवन और संघर्षों को संबोधित करने के लिए फिल्म की सराहना की, और दर्शकों से इसे देखने और सफल बनाने का आग्रह किया। 27 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे प्राग न्यूज़ पर प्रीमियर के लिए तैयार, इस फिल्म ने पहले ही प्रशंसकों और फिल्म प्रेमियों की रुचि जगा दी है, जिन्होंने आगामी प्रीमियर के लिए अपनी उत्सुकता साझा की है।

## बॉलीवुड सितारों की खूबसूरत पत्नियों को हंसाने के लिए तैयार




इमेजिन कीजिए कि करवा चौथ पर जब एक नहीं, बल्कि सात बॉलीवुड सितारे एक साथ आएंगे, तो क्या होगा! मशहूर बहन की जोड़ी करीना और करिश्मा कपूर को दर्शकों के सामने पेश करने के बाद, नेटफ्लिक्स फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स सीजन 3 की क्वीन - महीप कपूर, सीमा सजदेह, भावना पांडे, नीलम कोठारी सोनी, रिद्धिमा कपूर साहनी, शालिनी पासी और कल्याणी साहा चावला को हंसाने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह एपिसोड ग्लैमर, ग्रेस और मजे का पटाखा के अलावा और कुछ नहीं होने का वादा करता है! हंसी के बीच, कपिल शर्मा मजाकिया अंदाज में बॉलीवुड स्टार्स की पत्नियों की उनकी भारी फैन फॉलोइंग के लिए तारीफ करते हैं, फिर पूछते हैं, क्या आपने कभी पता लगाया है कि इस शो में कौन अधिक दिलचस्पी रखता है - पुरुष या महिलाएं? इस सवाल का तुरंत जवाब देते हुए नीलम कोठारी सोनी ने कहा, दरअसल, पुरुषों को गपशप करने में मजा आता है। भावना पांडे ने उन्हें सपोर्ट करते हुए कहा, यह सच है कि पुरुषों को गपशप करना ज़्यादा पसंद है। लेकिन फिर वे अपनी पत्नियों को दोष देते हैं और कहते हैं - यार उसने फैबुलस लाइव्स का शो लगाया हुआ है, मैं तो बस यहां बैठा हुआ हूँ, लेकिन असल में वे भी शो देखना चाहते हैं।

## फैशन असहजता भी ला सकता है



तुलसीधाम के लड्डू गोपाल की अभिनेत्री मोनिका सिंह का कहना है कि हालांकि फैशन का मतलब आरामदायक होना है, लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता। उन्होंने कहा, फैशन अक्सर थोड़ी असहजता भी ला सकता है - जबकि आप अच्छा दिखना चाहते हैं, लेकिन यह हमेशा आरामदायक नहीं लगता। इसलिए मैं आमतौर पर सरल चीजों से चिपके रहने और अपनी शैली को बहुत ही साधारण रखने की कोशिश करती हूं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि जब वह बीस साल की थीं, तब उन्होंने अपनी स्टाइलिंग पर अधिक प्रयास करना शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा, मैंने महसूस किया कि कैसे अच्छे कपड़े पहनने से आपका आत्मविश्वास बढ़ता है और दूसरों की आपकी छवि बदल जाती है। तब से, मुझे अलग-अलग स्टाइल और ट्रेंड के साथ प्रयोग करने में मज़ा आता है।



## डेलबर और सिंगा के बीच डेटिंग की अफवाह

अभिनेत्री डेलबर आर्या और पंजाबी सनसनी सिंगा के बीच की केमिस्ट्री ने एक बार फिर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। डेलबर, जो जल्द ही सिंगा के साथ बहु-प्रतीक्षित म्यूज़िक वीडियो शैडो 2 में नजर आएंगी, हाल ही में सिंगा के प्रोडक्शन हाउस के भव्य लॉन्च पर देखी गईं। एक्टर से प्रोड्यूसर बने सिंगा ने सभी को चौंका दिया जब उन्होंने डेलबर के साथ एक आगामी फिल्म प्रोजेक्ट की ओर इशारा किया। लेकिन जो बात सबसे ज्यादा सुर्खियों में है, वह यह कि इन दोनों के बीच सिर्फ को-स्टार्स से बढ़कर कुछ और चल रहा है, क्योंकि डेलबर खासतौर पर सिंगा को सपोर्ट करने और उनका उत्साह बढ़ाने के लिए लॉन्च इवेंट में मौजूद थीं। फैंस ने तुरंत देखा कि डेलबर लॉन्च इवेंट में सिंगा का जमकर साथ दे रही थीं, और यह जोड़ी सोशल मीडिया पर एक-दूसरे की पोस्ट पर फ्लर्टी लाइक और कमेंट्स का आदान-प्रदान करती भी दिखी। इन अफवाहों ने तब और जोर पकड़ लिया जब फैंस ने उनके लिए खास फैन पेज भी बना डाले, जिससे उन्हें पॉलीवुड की नई संभावित जोड़ी के रूप में मनाया जा रहा है।



## मेरे करियर का ग्राफ बढ़ता रहा है

फ्रेश मिंट की ओरिजिनल सीरीज़ औकात से ज़्यादा में अपनी भूमिका के लिए मशहूर अभिनेत्री रविरा भारद्वाज अपने करियर के आकार से बहुत संतुष्ट हैं। उनका कहना है कि वह अनुपम खेर जैसे दिग्गज अभिनेताओं के साथ काम करके खुद को धन्य महसूस करती हैं और इस दौरान उन्होंने बहुत कुछ सीखा है। मेरे करियर का ग्राफ लगातार बढ़ता रहा है और मैं अनुपम खेर और मीका सिंह जैसी प्रसिद्ध प्रतिभाओं के साथ काम करने के अवसरों के लिए बेहद आभारी हूँ। इन अनुभवों ने मुझे एक कलाकार के रूप में आकार दिया है और महत्वपूर्ण तरीकों से मेरे विकास में योगदान दिया है। हालाँकि, महामारी मेरे करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण दौर में से एक थी। इंडस्ट्री रुक गई और अनिश्चितता छा गई। इसके अलावा, मुझे व्यक्तिगत स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिससे प्रेरित रहना और भी मुश्किल हो गया। हालाँकि, इस समय ने मुझे सोचने और विपरीत परिस्थितियों से बाहर निकलने का मौका भी दिया।

## पटाखे जलाने के सख्त खिलाफ हूं



दिवाली आने ही वाली है, लोग पटाखे-मुक्त, प्रदूषण-मुक्त दिवाली के बारे में बात कर रहे हैं और जागरूकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। करण गुलियानी, जिन्होंने अमरिंदर गिल, रंजीत बावा-स्टारर सावन, जो प्रियंका चोपड़ा के बैनर तले बनी थी, और गिप्पी ग्रेवाल और सरगुन मेहता अभिनीत चंडीगढ़ अमृतसर चंडीगढ़ जैसी अपनी निर्देशन परियोजनाओं से खुद का नाम बनाया है, भी इसके समर्थन में हैं और उन्होंने कहा, मैं पटाखे जलाने के सख्त खिलाफ हूं। अगर यह मेरे बस में होता, तो मैं पूरे भारत में ऐसे किसी भी तरह के उत्सव पर प्रतिबंध लगा देता, जो प्रदूषण फैलाता है और प्रकृति को नुकसान पहुंचाता है।



## ओटीटी प्लेटफॉर्म ने करियर में बड़ा बदलाव लाया

वेब सीरीज तेरा इश्क मेरा फितूर का हिस्सा रहीं अभिनेत्री शिवांगी वर्मा का कहना है कि ओटीटी के आगमन ने उनके करियर की दिशा बदल दी है। वह आगे कहती हैं कि उन्हें एक ऐसा किरदार निभाने का मौका मिला जो पारंपरिक प्लेटफॉर्म पर पहले कभी नहीं देखा गया था।ओटीटी प्लेटफॉर्म के उदय ने मेरे करियर में बड़ा बदलाव लाया है। पहले, मेरे पास मुख्य रूप से फिल्में या टीवी शो ही विकल्प थे, लेकिन अब ओटीटी के साथ बहुत सारे नए अवसर हैं। ऐसा लगता है जैसे पूरी दुनिया खुल गई है। मेरे जैसे किसी व्यक्ति के लिए, जो अलग-अलग तरह की भूमिकाएँ आज़माना चाहता था, ओटीटी एक वरदान साबित हुआ है।

## 'आइडल का आशीर्वाद चेहरा' बन गई रागिनी



औरंगाबाद की रागिनी शिंदे 15 साल की उम्र में ही 'आइडल का आशीर्वाद चेहरा' बन गई हैं। वह अपने शानदार ऑडिशन से दर्शकों का दिल जीत रही हैं। फिलहाल वह अपनी बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रही हैं और उनके भाई, जिन्हें वह प्यार से 'दादा' बुलाती हैं, ने उन्हें शो के लिए ऑडिशन देने के लिए प्रोत्साहित किया। हालांकि वह एक प्यारी किशोरी हैं, लेकिन उनका सफर किसी असाधारण से कम नहीं है; 3 साल की उम्र में ही वह अपने परिवार में हीरो बन गई थीं! उन्होंने अपने भाई के लिए सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट करवाया, जिसे थैलेसीमिया का पता चला था। उसे जीने के लिए बस कुछ ही साल बचे थे। उनकी अटूट भावना और परिवार के प्रति समर्पण उनके हर गाने में झलकता है।

## तमन्ना भाटिया लीड रोल निभाएंगी!

तमन्ना भाटिया 'सिकंदर का मुकद्दर' नामक हाईस्ट ड्रामा में मुख्य भूमिका में नज़र आएंगी, जिसे जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ किया जाएगा। स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म द्वारा हाल ही में घोषित की गई इस फ़िल्म में तमन्ना के साथ जिमी शेरगिल और अविनाश तिवारी हैं। यह हाईस्ट ड्रामा फ़िल्म तमन्ना को बिल्कुल नए और अलग किरदार में दिखाने का वादा करती है, जो उनकी वर्सेटिलिटी को उजागर करता है। उनके किरदार को यूनिक और एडवेंचरस बताया गया है, जो उनके बेहतरीन पोर्टफोलियो में एक रोमांचक मोड़ जोड़ता है। फैंस इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट में उनकी परफॉरमेंस का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

# एक्ट्रेसेस, जिन्होंने खुद को महिला एंटरप्रेन्योर के रूप में स्थापित किया!

शिल्पा शेट्टीः एक प्रभावशाली ऐक्ट्रेस और एंटरप्रेन्योर के रूप में, शिल्पा शेट्टी स्टार्टअप इकोसिस्टम में गहराई से शामिल हैं। वह स्किन केयर और वेलनेस ब्रांड मामाअर्थ और एग्री-टेक स्टार्टअप किसान कनेक्ट में अर्ली इन्वेस्टर्स में से एक हैं। शिल्पा ने अपना फिटनेस और हेल्थ ऐप सिंपल सोलफुल भी लॉन्च किया और बैस्टियन नाम से एक शानदार सीफूड रेस्तराँ की मालकिन हैं, जो बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के बीच पसंदीदा बन गया है। हाल ही में, बैस्टियन ने हैदराबाद में भी अपना एक्सपेंशन किया है।

मौनी रॉयः एंटरप्रेन्योर और एक्ट्रेस मौनी रॉय रेस्टोरेंट बदमाश की ओनर हैं, जो इंडियन क्यूज़ीन और स्पाइसी कॉन्कोक्शन के साथ-साथ ऑथेंटिक बॉलीवुड वाइब देता है। मुंबई में स्थित, बदमाश ट्रेडिशनल इंडियन फ्लेवर को कंटेम्पररी ट्विस्ट के साथ जोड़ता है, जो मौनी के जीवंत व्यक्तित्व को भी दर्शाता है। वर्तमान में, मुंबई में रेस्टोरेंट के दो आउटलेट हैं, जो दो प्रीमियम लोकेशन्स पर स्थित है और बैंगलोर में इसके चार ब्रांच हैं।

कृति सेननः कृति सेनन ने दिल को छू लेने वाली कहानियां बताने के मिशन के साथ अपना प्रोडक्शन हाउस, ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स लॉन्च



किया। उन्होंने स्किनकेयर के प्रति अपने जुनून से पैदा हुए हाइफ़न नाम की एक स्किनकेयर ब्रांड की भी स्थापना की। इसके अलावा, कृति के पास मिस टेकन नाम की एक क्लोथिंग लाइन है, जो कैजुअल और सेमी-फॉर्मल वियर के साथ यूथ को टारगेट करती है। इसके अलावा, वह एक फिटनेस ट्रेनिंग स्टूडियो द ट्राइब भी चलाती हैं।

अनुष्का शर्मा : अनुष्का शर्मा ने 2017 में अपना क्लोथिंग ब्रांड नुश लॉन्च किया, जो फील-गुड समर फैशन पर केंद्रित था। 2013 में, उन्होंने अपने भाई कर्णेश के साथ क्लीन स्लेट फिल्म्स की सह-स्थापना की, जिसका उद्देश्य प्रभावशाली कहानियाँ बताना और नए टैलेंट्स को सपोर्ट करना था। उन्होंने हेल्थी वेजीटेरियन ब्रेकफास्ट को बढ़ावा देने वाले ब्2ब् स्नैक्स ब्रांड स्लेर्प फार्म में भी इन्वेस्ट किया और इसके ब्रांड एंबेसडर के रूप में भी काम किया।

सोनाक्षी सिन्हा : सोनाक्षी नेल ब्रांड सोज़ी की को-फॉउंडर हैं, जो प्रेस-ऑन नेल्स की कई वैरायटी ऑफर करती हैं। ब्रांड ने एक डेडिकेटेड ई-कॉमर्स स्टोर लॉन्च किया है और इसका लक्ष्य टियर 1 शहरों से शुरू करके ऑफलाइन रिटेल में एक्सपैंड करना है।

# राग दरबारी

## इलेक्शन प्राब्लम्स रिसाल्व एंड डिसाल्व सेंटर

चुनाव संबंधी समस्त समस्याओं का , हमारे 'इलेक्शन प्राब्लम्सी रिसाल्व एंड डिसाल्व सेंटर' में गारंटी के साथ निराकरण होता है! एक बार सेवा का मौका दें। सत्ताम आपकी दासी और आपके विरोधियों के प्राणों की प्यागसी बनकर रहेगी।

चुनाव में जिस पार्टी का टिकट चाहते हैं ,वह आपके प्रतिद्वंदी को टिकट दे रही हो। टिकट के एवज में ज्यादा मुँह खोल रही हो। पार्टी आलाकमान आपको दुत्कार रहा हो। गठबंधन धर्म निभाने के नाम पर आपकी श्यो र शॉट सीट दूसरी किसी पार्टी को दी जा रही है। आपको त्या ग और बलिदान का पाठ पढ़ाया जा रहा है। कार्यकर्ता भाव खा रहे हों। अपोजीशन वाले आपकी पुरानी फाइल खुलवाने में आमादा हों। कुछ मीटुएँ भी उत्पन्न होने के लिए मचल रही हों। आपकी लम्हों की खता को सालों बाद उजागर करने की बात, टेलीफान पर चीख-चीखकर कह रही हों।

ऐसे में किस मुहूर्त में टिकट माँगने, पर पार्टी सहर्ष आपको टिकट दे देगी। ग्रहों की कौन सी दशा में फार्म भरने से अपनी विजय सुनिश्चित होगी। यदि किसी को हराना चाहते हों तो कौन से उपाय करने होंगे? सौ फीसदी मारक यंत्र ग्रहण कर विपक्षियों का सर्वनाश करें। ऐसी अन्यान्य समस्याओं का सामाधानयुक्त समाधान जानने के लिए हमसे संपर्क करें...

आचार संहिता के दौरान निरापद तरीके से नोट-दारू-कंबल बँटवाने के लिए हमारे सेंटर पर हाजरी लगाएं। ऑनलाइन प्रचार के लिए, घर बैठी पब्लिक भी हमारे संस्थान से उपलब्ध कराई जाती है। प्रत्यरक्ष रैली के लिए हमारे शॉप में लाख-सवा लाख भक्तोंज की भीड़ चौबीस गुणा सात मौजूद रहती है। डिमांड आते ही सप्लाँई की जाती है। भारी भीड़ जमा करवा कर अपनी रैली की शोभा में चार चाँद लगाने के लिए, एक बार हमें सेवा का अवसर प्रदान करें। ।

हमारे संस्थान में निर्मित वोटर वशीकरण ताबीज अत्यंत प्रभावी है। इसके प्रभाव से वोटर पैसा-दारू चाहे कहीं से ले , पर वोट ताबीजवाहक को ही देता है। विजय का श्योरशाट मारने के लिए, हमारे सेंटर पर आएं।

000

प्रोपराइटर ....बाबा डॉक्टर प्रोफेसर प्रदीपानंद....औघड़दानी...

अंत्य-क्रिया श्मशान...

तीसरा और चौथा चिता-प्लेटफार्म

000

नोट- बाबा , ये सारा परोपकार फ्री ऑफ कास्ट करते हैं, अतः उन्हें सांसारिक माया का दर्शन-मात्र भी न कराएं। (शर्तें लागू।)

000

डॉ. प्रदीप मिश्र डी-1 राम विहार सतना म.प्र 9827063496

मिलने का समय....रात्रि एक बजे से तीन बजे तक..भीड़ से बचने के लिए एडवांस बुकिंग कराएं...

डॉ. प्रदीप मिश्र

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नामो की चर्चा

इंदौर। भाजपा के सदस्यता अभियान का प्रारंभिक चरण पूर्ण हो गया है। संगठन के अन्य चुनाव नवंबर माह तक निपटा लिए जाएंगे। दिसंबर माह में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। इसके लिए अभी से जोड़-तोड़ शुरू हो गई है। वर्तमान में मौजूदा राष्ट्रपति पूर्वी भारत से आती है। उपराष्ट्रपति पश्चिम भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रधानमंत्री उत्तर भारत से आते हैं। दक्षिण भारत के पास अभी कोई महत्वपूर्ण पद नहीं है। चारों दिशाओं को कवर करने,जाति और क्षेत्रीय समीकरण बिठाने के लिए, इस बार दक्षिण भारत से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन किया जाएगा।इस पर आम सहमति बनाने का प्रयास किया जा रहा है। दक्षिण भारत के जिन भाजपा नेताओं के नाम सामने आए हैं। उनमें पहलाद जोशी, एल मुरूगन, जी किशन रेड्डी, के अन्नामलाई, के ईश्वरप्पा तथा निर्मला सीतारमण के नाम पर चर्चा की शुरुआत हुई है।यह माना जा रहा है कि पहलाद जोशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के पसंदीदा है। प्रधानमंत्री की कोशिश होगी, कि पहलाद जोशी के नाम पर संघ सहमत हो जाए। भाजपा के वरिष्ठ नेता का कहना है, राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए उपयुक्त व्यक्ति के नाम पर संसदीय बोर्ड विचार करेगा। आम सहमति से राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की कोशिश होगी। संगठन और सरकार के बीच समन्वय बना रहे। इसको ध्यान में रखते हुए नाम का चयन किया जाएगा। इस बार संघ भी खुलकर अपनी राय जाहिर कर रहा है। जिसके कारण असमंजस की स्थिति बनी हुई है। दक्षिण भारत से राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर सहमति बन जाती है। ऐसी स्थिति में अभी तक जिन नामो पर चर्चा हुई थी।उनका कोई मतलब नहीं रह जाएगा। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के चुनाव परिणाम और उपचुनाव के परिणाम भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को प्रभावित करेंगे। ऐसा माना जा रहा है पार्टी ने 15 दिसंबर के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने की समय सीमा तय की है। इसके पहले संगठन स्तर के सभी चुनाव हो जाएंगे, ऐसा माना जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि 50 फीसदी संगठन के चुनाव हो जाने के बाद 15 दिसंबर तक पार्टी अध्यक्ष का चुनाव आवश्यक रूप से आम सहमति से कर लिया जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव नहीं होगा।

## कार्टून कोना..........




# दीपोत्सव के पहले नरेला विधानसभा में चलाया जायेगा विशेष स्वच्छता अभियान

## मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने नगर निगम अधिकारियों की बैठक दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।**



सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को नरेला विधानसभा में विशेष स्वच्छता अभियान को लेकर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के दौरान मंत्री श्री सारंग ने कहा कि दिपावली से पहले क्षेत्र के सभी 17 वार्डों में सघन स्वच्छता अभियान चलाया जाये। जिसमें सभी वार्डों में सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, नालियों और पार्कों की सफाई सुनिश्चित की जाए, इसके साथ ही कचरा प्रबंधन, सीवेज को भी दुरूस्त किया जाये। उन्होंने अभियान के दौरान खुले में मांस बेचने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

### दीपावली के अवसर पर चलाया जायेगा विशेष स्वच्छता अभियान

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि दीपावली से पहले नरेला विधानसभा में स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत नगर निगम द्वारा नरेला विधानसभा के सभी 17 वार्डों में सार्वजनिक स्थानों, सड़कों व पार्कों की सफाई एवं प्रमुख चौराहों पर महापुरूषों की प्रतिमाओं की सफाई की जायेगी। इसके साथ ही नागरिकों को कचरा प्रबंधन को लेकर जागरूकता का प्रसार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जन भागीदारी से ही यह अभियान सफल होगा।

### खुले में मांस बेचने वालों के खिलाफ भी होगी कार्रवाई

मंत्री श्री सारंग ने बैठक के दौरान कहा कि क्षेत्र में खुले में मांस की बिक्री को लेकर चालानी कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि खुले में मांस बेचने से न सिर्फ सड़कों पर गंदगी होती है बल्कि लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शासन के स्पष्ट निर्देश है कि खुले में मांस का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित है। ऐसे दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई की जाये।

### विशेष स्वच्छता अभियान में होने वाली प्रमुख गतिविधियां

मंत्री सारंग ने बताया कि दीपावली पर्व के अवसर पर नरेला विधानसभा में होने वाले विशेष स्वच्छता अभियान में साइनज, सीवर लाइन रिपेयरिंग, नाले-नालियों की सफाई, खाली प्लाटों की सफाई, सभी पार्कों की सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व मरम्मत, महापुरुषों की प्रतिमा की सफाई सहित अन्य गतिविधियां सुनिश्चित की जाएंगी। जिससे व्यवस्थित रुप से विशेष स्वच्छता अभियान को सफल बनाया जा सके।

### अभियान का मुख्य उद्देश्य

मंत्री सारंग ने बताया कि नरेला विधानसभा में स्वच्छता की स्थिति में सुधार करना, कचरे के उचित प्रबंधन की प्रणाली को मजबूत करना, जनभागीदारी को बढ़ावा देना और स्वच्छता के प्रति जन-जागरुकता फैलाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। आगे उन्होंने कहा कि सभी सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, नालियों और पार्कों की सफाई सुनिश्चित की जाएगी। कचरा संग्रहण, पुनर्चक्रण और निपटान की आधुनिक प्रणालियों का उपयोग कर क्षेत्र को कचरामुक्त बनाया जाएगा।

### कल 36, 39, 44, 79 वार्डों में चलेगा स्वच्छता अभियान

मंत्री सारंग ने बताया कि 26 अक्टूबर को जोन क्रमांक 9 के वार्ड 36 अंतर्गत चांदबड़, हिनौतिया, रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्र.1 एवं पुष्पा नगर संपूर्ण क्षेत्र में, जोन क्रमांक 11 के वार्ड 39 अंतर्गत महामाई का बाग, रानी अमनबाई कॉलोनी, नवीन नगर, खटीक कॉलोनी, फातिमा रोड, शिव नगर, रोशनबाग जागृति कॉलोनी, 80 फिट मेन रोड संपूर्ण क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। वहीं जोन 12 के वार्ड 44 अंतर्गत हनुमान मंदिर से जोन कार्यालय, पद्मनाभ नगर मुख्य मार्ग, मराठी मोहल्ला, गोविंद गार्डन, अभिरूचि परिसर संपूर्ण क्षेत्र तथा जोन 17 के वार्ड 79 में शिव नगर, कर्मा देवी मंदिर, शांति नगर, जय नगर, रूप नगर, मौर्य कॉलोनी, करोंद गांव, पर्ण कुटी, राधाकृष्ण कॉलोनी, यादव बस्ती, विश्वकर्मा कॉलोनी, राजवंश कॉलोनी, पूजा कॉलोनी, गोया कॉलोनी, नवीबाग, शिवानी होम्स, चौकसे नगर, शारदा नगर, लांबाखेड़ा, अमरिका बस्ती संपूर्ण क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया जायेगा।

# बुधनी में कार्तिकेय के बिगड़े बोल दिग्गी बोले न सरपंच हो न विधायक

इंदौर। मध्य प्रदेश की दो विधानसभा सीटों पर आगामी महीने में उपचुनाव हैं। इनमें से एक सीट बुधनी और दूसरी विजयपुर है। विदिशा से शिवराज सिंह चौहान के सांसद बनने के बाद बुधनी सीट खाली हुई है। बुधनी शिवराज का सबसे मजबूत किला है।




पिता के अभेद गढ़ में प्रचार की कमान शिवराज के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान ने संभाली है।

मगर उनका एक भाषण और उस पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की प्रतिक्रिया की खूब चर्चा है। शिवराज के बेटे कार्तिकेय ने प्रचार के दौरान कहा कि अगर बुधनी विधानसभा सीट से कांग्रेस का प्रत्याशी जीत गया तो एक भी ईंट नहीं लगेगी।कार्तिकेय ने कहा, अगर 19-20 हुआ तो किसका नुकसान होगा? अपने पैरों पर हम कुल्हाड़ी क्यों मारें? अपनी पोलिंग में गड़बड़ी करके हम क्यों अपनी इज्जत खराब करें? क्या हमको सीएम और मुख्यमंत्री के पास काम कराने नहीं जाना है। बताइये सरपंच जी, कैसे कराएंगे आप काम? अगर 19-20 हुआ तो नेताओं के पास काम कराने कौन सी सड़क लेकर जाओगे। अगर गलती से कांग्रेस विधायक जीत जाता है तो एक भी ईंट किसी के गांव में नहीं लगने वाली है।

# विधानसभा में अनुपूरक बजट लाने की तैयारी शुरू

इंदौर। प्रदेश में दिसम्बर में होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र में लाए जाने वाले अनुपूरक बजट प्रस्ताव के लिए वित्त विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए वित्त विभाग ने सभी विभागों से प्रस्ताव मांगे हैं और यह भी तय कर दिया है कि किस आधार पर अनुपूरक बजट के लिए प्रस्ताव लाए जा सकेंगे। जिन विभागों की ओर से अनुपूरक बजट के प्रस्ताव दिए जाएंगे, उन्हें यह बताना होगा कि 31 अक्टूबर तक उनके विभाग द्वारा बजट में किए गए प्रावधान के आधार पर कितनी राशि खर्च की जा चुकी है। सभी विभागों से 10 नवम्बर तक अनुपूरक बजट प्रस्ताव देने के लिए कहा गया है।

वित्त विभाग ने साफ किया है कि अनुपूरक बजट में नए वित्तीय मद के प्रस्ताव शामिल नहीं किए जा सकेंगे, जिनमें राज्य सरकार के वित्तीय संसाधनों से अतिरिक्त डिमांड की जा रही हो। फाइनेंस ने यह भी क्लियर कर दिया है कि वाहनों की खरीदी के लिए अनुपूरक बजट में कोई प्रस्ताव नहीं दिए जा सकेंगे। विभाग ने यह भी कहा है कि जिन वित्तीय मदों को प्रतीक प्रावधान के रूप में खोलना है और राशि का इंतजाम अन्य मद से होने वाली बचत से किया जाना है, वे प्रस्ताव आ सकते हैं लेकिन बचत मद की जानकारी देना होगी। इसी तरह अगर किसी योजना में खर्च के लिए राशि मांगी जा रही है और बजट की राशि पहले से मंजूर रकम में समायोजित होना है तो उसके संबंध में विभागों को अलग से ब्योरा देना होगा।

### सप्लीमेंट्री बजट के प्रस्ताव इन शर्तों पर होंगे मान्य

जिस वित्तीय मद के लिए राज्य की आकस्मिकता निधि से एडवांस राशि जारी की गई है। जिसके लिए वित्त विभाग द्वारा सहमति दी गई है। जिनके लिए भारत सरकार या अन्य एजेंसी ने वित्तीय सहायता या केंद्रांश दिया है। जो वर्तमान वित्तीय मद से अलग न की जा सकती हो तथा अतिरिक्त संसाधन की व्यवस्था विभाग की अन्य योजनाओं में उपलब्ध राशि में कटौती कर नहीं की जा सकने की स्थिति हो। विशेष पूंजीगत सहायता योजना के अंतर्गत जिन विभागों द्वारा भारत सरकार को प्रस्ताव भेजे गए हैं या भेजे जाने हैं, उन विभागों को अलग से बजट लाइन खोलने की आवश्यकता के मद्देनजर स्वीकृति की जरूरत हो। विशेष पूंजीगत सहायता योजना में भारत सरकार से स्वीकृति के बाद यह अतिरिक्त बजट की जरूरत हो या अन्य योजनाओं से बचत की पूर्ति किया जाना संभव न हो।

# मध्य प्रदेश में सबसे महंगी स्टेम्प ड्यूट, साल में दो बार बनेगी गाइडलाइन

इंदौर। भारत गणराज्य के सभी राज्यों में मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा स्टैंप ड्यूटी वसूल की जाती है। मध्य प्रदेश में 9 ।5 फीसदी स्टांप ड्यूटी और तीन फ़ीसदी रजिस्ट्रेशन शुल्क लगता है। महिलाओं को जरूर 2 फ़ीसदी की छूट दी जाती है। भारत के किसी भी राज्य में पंजीयन की इतनी भारी फीस और स्टांप शुल्क वसूल नहीं किया जाता है।




मध्य प्रदेश की सरकार हर साल प्रॉपर्टी के वैल्यूएशन के लिए कलेक्टर गाइड लाइन बनती थी। इसी के अनुसार प्रॉपर्टी खरीदने वालों से स्टांप शुल्क की वसूली की जाती है ।

मध्य प्रदेश सरकार ने अब साल में दो बार कलेक्टर गाइड लाइन बनाने और जारी करने का निर्णय लिया है। जिसके कारण मध्य प्रदेश में संपत्ति खरीदना और बेचना भविष्य में मुश्किल होगा। जो लोग प्रॉपर्टी में निवेश करते हैं।उनका मध्य प्रदेश से मोह भंग होगा। प्रॉपर्टी की कीमत उसे तेजी के साथ नहीं बढ़ रही है। जिस तेजी के साथ रजिस्ट्रेशन शुल्क बढ़ रहा है। आगे चलकर मध्य प्रदेश शासन के राजस्व को कम कर सकता है। सरकार के अधिकारी राजस्व बढ़ाने के नाम पर नए-नए नियम बना लेते हैं। लेकिन इससे राजस्व कम मिलता है, नुकसान ज्यादा होता है। मध्य प्रदेश शासन को इस और ध्यान देने की जरूरत है।

# गुजरात से मध्य प्रदेश में हो रही है पेट्रोल की तस्करी

इंदौर। गुजरात से पेट्रोल लाकर मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में अवैध रूप से बेचने का सिलसिला कई वर्षों से लगातार चल रहा है। पुलिस के संज्ञान में यह जानकारी है। इसके बाद भी इस कारोबार पर कोई रोक नहीं लगाई जा सकी है।

गुजरात में पेट्रोल की कीमत 95 रुपए 25 पैसे हैं। वही मध्य प्रदेश में पेट्रोल की कीमत 107 रुपए 67 पैसे है। गुजरात के सीमावर्ती इलाकों से केन में पेट्रोल लाकर यहां पर छोटे-छोटे दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे खुले आम बेचा जा रहा है। जिसके कारण कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

पेट्रोल बेचने के कारोबार में जो खुदरा व्यापारी लगे हुए हैं। उन्हें प्रतिदिन पेट्रोल से 100 से ?500 तक की कमाई हो जाती है। सुरक्षा की दृष्टि से जिस तरह से पेट्रोल मध्य प्रदेश में बिक रहा है। उसके कारण कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### मध्य प्रदेश सरकार को राजस्व का भारी नुकसान

पेट्रोल और डीजल के रेट मध्य प्रदेश में सबसे महंगे हैं। जिसके कारण बड़े वाहन और व्यावसायिक वाहन आसपास के अन्य राज्यों से पेट्रोल और डीजल भराकर मध्य प्रदेश में प्रवेश करते हैं। जिसके कारण मध्य प्रदेश के राजस्व को बड़ा नुकसान होता है।

अन्य राज्यों की तुलना में मध्य प्रदेश सरकार पेट्रोल और डीजल के रेट तय करेगी,तो मध्य प्रदेश सरकार का राजस्व बढ़ेगा, कम नहीं होगा।ऐसा पेट्रोल पंप के संचालकों का कहना है।

# पप्पू यादव मुंबई में बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान से मिले

## पप्पू यादव ने लॉरेंस बिश्नोई को दो टके का क्रिमिनल कहा

मुंबई। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को दो टके का क्रिमिनल बताने वाले बाहुबली नेता और पूर्णिया के सांसद गुरुवार की रात मुंबई में बाबा सिद्दीकी के घर पहुंचे और उनके बेटे जीशान सिद्दीकी से मिले। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता बाबा सिद्दीकी की कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने 12 अक्टूबर को मुंबई में हत्या कर दी थी।



पप्पू यादव ने बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद लॉरेंस बिश्नोई को दो टके का क्रिमिनल कहा था और दावा कर दिया कि कानून इजाजत दे तो वो 24 घंटे में लॉरेंस का नेटवर्क खत्म कर देंगे। जेल में सुरक्षित बैठा लॉरेंस बिश्नोई कई चर्चित लोगों की हत्या सुपारी किलरों से करवा चुका है।

लॉरेंस के घोषित टारगेट में सलमान खान सबसे ऊपर हैं। पप्पू यादव ने आधी रात के बाद जीशान से मुलाकात की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा है- बिहार के मरहूम बेटे बाबा सिद्दीकी साहब के सुपुत्र जीशान से मिला।

मैं हर परिस्थिति में उनके परिवार के साथ हूं। बाबा और उनके परिजनों को जल्द न्याय मिले, उनके हत्यारों और साजिशकर्ताओं का खात्मा हो। कानून संविधान से ऊपर कोई नहीं।

पप्पू यादव ने कुछ दिन पहले बिहार की बाढ़ पर एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों द्वारा लॉरेंस को लेकर किए गए दावे पर सवाल किया था तो उन्होंने कहा था कि ये सब नहीं पूछिए, पहले कह दिया था कि इस पर नहीं बोलेंगे। बाद में पप्पू यादव ने ट्वीट करके सफाई दी कि जहरीली शराब से मौत और बाढ़ में फंसे 50 लाख से ज्यादा लोगों का मुद्दा दब ना जाए, इसलिए उन्होंने अपराधी पर बात नहीं की लेकिन वो मुंबई जा रहे हैं, सबको औकात बता देंगे।

बाबा सिद्दीकी के बेटे ने कांग्रेस पर कसा तंज तो लोगों ने उलटे सुना डाला, बोले- धोखा तो आपने दिया। बाबा सिद्दीकी गोपालगंज के रहने वाले थे। उनके दादा घड़ीसाज थे जो बिहार छोड़कर मुंबई में बस गए थे। बाबा सिद्दीकी तीन बार विधायक और एक बार मंत्री रहे। कांग्रेस से शुरू हुआ बाबा सिद्दीकी का सफर अजित पवार की एनसीपी तक पहुंचा था। फिल्म जगत के सितारों से चमकती इफ्तार पार्टियों के लिए मशहूर बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी बांद्रा ईस्ट से विधायक हैं।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com